झारखंड में मजबूती से चुनाव लड़ेगी आजाद समाज पार्टी (का0)

शोषित वंचित मजलूमों की अपनी पार्टी – आजाद समाज पार्टी (का0)

R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



वर्ष : 14 अंक : 250 | लखनऊ सोमवार,24 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये

3 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के ....
6 पेपरलीक के जरिये मोदी सरकार....
सूर्या 44 के साथ कई फिल्मो.... 8

## सीबीआई ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मामला दर्ज किया




नयी दिल्ली, 23 जून (एजेंसी) केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)(यूजी) में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग–अलग घटनाएं हुईं।यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है।मंत्रालय ने सीबीआई से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है।सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।

## शाह ने की बाढ़ की समस्या से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा



नयी दिल्ली 23 जून (एजेंसी)केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की।श्री शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन " जीरो कैजुअल्टी अप्रोच " के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। श्री शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्यन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतरराष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए।श्री शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिजाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों।

## CPI-M विधायक ओ आर केलू ने केरल सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली

तिरुवनंतपुरम 23 जून (एजेंसी) केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विधायक ओ आर केलू ने रविवार को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में राजभवन में माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नये मंत्री को पद की शपथ दिलायी। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी, उनकी पार्टी के विधायक, नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीसन और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी के कुन्हालीकुट्टी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वायनाड के आदिवासी समुदाय से आने वाले माकपा नेता केलू (54) ने के. राधाकृष्णन की जगह ली है। राधाकृष्णन ने अलाथुर से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण, संसदीय मामलों और देवस्वओम मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## सीबीआई ने नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज की

**अधिकारी ने कहा, एक समीक्षा के बाद परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया जाए।**




नई दिल्ली 23 जून (एजेंसी)केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट–यूजी' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक) के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है।अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्र द्वारा एजेंसी को परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सौंपने की घोषणा के एक दिन बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है।अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी संदर्भ के आधार पर सीबीआई ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। करीब 24 लाख छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा दी है।उन्होंने बताया कि कथित अनियमितताओं की जांच के लिए कई शहरों में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग मंत्रालय को माननी पड़ी। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पांच मई को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं, धोखाधड़ी और कदाचार के कुछ मामले सामने आए हैं।अधिकारी ने कहा, एक समीक्षा के बाद परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया जाए।

## राज्यसभा के रास्ते संसद की दूरी तय करने वाले पबित्रा मार्गेरिटा को मिला विदेश और कपड़ा मंत्रालय

***बीजेपी नेताओं में एक आश्चर्यजनक चयन राज्यसभा सांसद पबित्रा मार्गेरिटा का हुआ। पूर्वोत्तर से मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए अन्य दो भाजपा नेता किरेन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल थे। असमिया फिल्म उद्योग की दुनिया से लेकर सत्ता के गलियारों तक अपनी पहचान बनाई है।***
***असमिया फिल्म उद्योग की दुनिया से लेकर सत्ता के गलियारों तक अपनी पहचान बनाई है।***



नई दिल्ली 23 जून (एजेंसी)मंत्रिपरिषद में शपथ लेने वाले पूर्वोत्तर के तीन भारतीय जनता पार्टी नेताओं में एक आश्चर्यजनक चयन राज्यसभा सांसद पबित्रा मार्गेरिटा का हुआ। पूर्वोत्तर से मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए अन्य दो भाजपा नेता किरेन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल थे। असमिया फिल्म उद्योग की दुनिया से लेकर सत्ता के गलियारों तक अपनी पहचान बनाई है। 49 वर्षीय भाजपा नेता ने 2014 से पार्टी की असम इकाई के प्रवक्ता सहित पार्टी के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के राजनीतिक सचिव होने के नाते, मार्गेरिटा ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में अपनी भूमिका को और मजबूत किया।पाबित्र मार्गेरिटा का जन्म 13 अक्टूबर 1974 को हुआ था और उनका असली नाम पबित्र गोगोई था। बाद में उन्होंने अपने जन्मस्थान का नाम श्मार्गेरिटाश अपने उपनाम के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। 2014 में राजनीति में आने से पहले पबित्र मार्गेरिटा लंबे समय तक कला और संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े रहे। वे 1998 से 2002 तक मासिक सांस्कृतिक पत्रिका माया के प्रधान संपादक रहे। मार्गेरिटा ने 2002 से 2005 तक असम की एक अन्य सांस्कृतिक मासिक पत्रिका श्सारेगामाश के संस्थापक प्रधान संपादक के रूप में भी काम किया। राजनीतिज्ञ बनने से पहले मार्गेरिटा फिल्म निर्माण और वीडियो एल्बम के क्षेत्र में भी सक्रिय थे। उन्होंने कई असमिया फिल्मों का निर्माण किया। इसमें जुबीन गैग अभिनीत सुपरहिट फिल्म 'मोन जै' भी शामिल है। उन्होंने प्रसिद्ध असमिया वीडियो कैसेट और वीडियो मूवी सीरीज श्जोनबाईश का भी निर्माण किया। मार्गेरिटा ने 2007 से गायत्री महंता से विवाह किया है, जो एक प्रसिद्ध असमिया अभिनेत्री और प्रशंसित नर्तकी हैं। महज एक दशक में वे वोट–युद्ध में शामिल होने के बजाय राज्यसभा सांसद के रूप में केंद्रीय मंत्री बन गए। 2014 में भाजपा में शामिल होने के बाद वे पार्टी के मुख्य प्रवक्ता बन गए। उन्होंने 2017 से 2021 तक ज्योति चित्रबन फिल्म और टेलीविजन संस्थान (जिसे अब डॉ. भूपेन हजारिका क्षेत्रीय सरकारी फिल्म और टेलीविजन संस्थान के रूप में जाना जाता है) के अध्यक्ष का पद भी संभाला। मार्गेरिटा ने नवंबर 2021 से मार्च 2022 तक असम सरकार के छात्रों और युवा कल्याण के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य किया। मार्गेरिटा का नाम कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात है। हालांकि राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार राज्य की अहोम नेता मार्गेरिटा को टीम मोदी 3.0 में शामिल करना अहोम समुदाय के बीच भाजपा की मौजूदगी को मजबूत करने और उन्हें खुश करने का कदम है।

## जमानत पर दिल्ली हाई कोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुचे :अरविन्द केजरी

***अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने कल सुबह सुनवाई की अपील की है। आम आदमी पार्टी ने ये जानकारी दी है।***



नई दिल्ली 23 जून (एजेंसी)राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जमानत दे दी थी, जिसपर दिल्ली हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। अब दिल्ली हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ दिल्ली के सीएम ने रविवार को सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सामने आई जानकारी के अनुसार, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने कल सुबह सुनवाई की अपील की है। आम आदमी पार्टी ने ये जानकारी दी है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ट्रायल कोर्ट के जमानत आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुधीर कुमार जैन और रविंदर डुडेजा की अवकाश पीठ ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए कहा, श्जब तक हाई कोर्ट मामले की सुनवाई नहीं करता, तब तक रुकें। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा मामले की सुनवाई किए जाने तक ट्रायल कोर्ट (राउज एवेन्यू) में कोई कार्यवाही शुरू नहीं होगी।ईडी ने अदालत में दलील देते हुए कहा कि धारा 45 की कठोरता पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। उसने आगे कहा कि, ष्जमानत रद्द करने के लिए इससे बेहतर कोई कारण नहीं हो सकता।ष सुनवाई दोबारा शुरू होने पर प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने हाई कोर्ट में ट्रायल कोर्ट का आदेश दिखाया और इसे श्चौंकाने वालाश बताते हुए इस पर सवाल उठाए थे।प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में दलील देते हुए आरोप लगाया कि ट्रायल कोर्ट ने जमानत आदेश देने से पहले सामग्री और सबूतों पर गौर नहीं किया। ईडी ने अदालत में अपनी दलील रखते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट ने श्अप्रासंगिक तथ्योंश पर विचार किया है और जमानत देते समय प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करने में विफल रही है।

## धमेन्द्र प्रधान ने हरियाणा के कार्यकर्ताओं से कहा, कांग्रेस के 'झूठ' और 'कुशासन' का पर्दाफाश करें

**प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में एक बार फिर गरीबों, किसानों, वंचित वर्गों और आम लोगों की सरकार सत्ता में आएगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से तैयारी में जुटने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मुकाबले या मुश्किल काम की सफलता में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**



चंडीगढ 23 जून (एजेंसी) केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कमर कसने और कांग्रेस के 'झूठ' और 'कुशासन' को उजागर करने के लिए जनसंपर्क बढ़ाने को कहा। प्रधान को हाल ही में हरियाणा के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रधान ने रोहतक में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और पार्टी के वरिष्ठ नेता बिप्लब कुमार देब के साथ पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त होने पर प्रधान को स्थानीय इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा मनोहर लाल और गुर्जर को भी सांसद निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया।प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में एक बार फिर गरीबों, किसानों, वंचित वर्गों और आम लोगों की सरकार सत्ता में आएगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से तैयारी में जुटने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मुकाबले या मुश्किल काम की सफलता में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सैनी या किसी अन्य की तरह कार्यकर्ताओं का पार्टी पर पूरा अधिकार है। प्रधान ने कहा कि भाजपा हरियाणा को नयी ऊंचाइयों पर ले जा सकती है और राज्य की प्रगति के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "हम पूरी ईमानदारी से लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। हरियाणा में 19,812 बूथ, 7,200 गांव और 22 जिले हैं।"प्रधान ने कहा कि चुनाव में अब करीब 100 दिन बचे हैं और इस 'मिशन 100 दिन' में पार्टी कार्यकर्ताओं को घर–घर जाकर कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान व्याप्त 'झूठ' और 'कुशासन' को उजागर करना चाहिए। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह झूठ फैलाया कि अगर भाजपा दोबारा केंद्र की सत्ता में आई तो वह आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कांग्रेस के फैलाए झूठ से गुमराह न हों। हाल के सप्ताह में कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि लोगों ने हरियाणा में कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है। इस पर प्रधान ने कहा, "जो लोग सोचते हैं कि वे एक बार फिर हरियाणा को लूट सकते हैं उन्हें यह सपना देखना छोड़ देना चाहिए। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने जा रही है।"भाजपा नेता ने कहा कि लोग कांग्रेस शासन के दौरान "दलितों पर हुए अत्याचारों" को अब भी नहीं भूले हैं। प्रधान ने गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य वर्गों के हितों के लिए केंद्र और हरियाणा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की।

## मोदी सरकार में एकमात्र ईसाई मंत्री बने जार्ज कुरियन, अल्पसंख्यक और पशुपालन विभाग का मिला दायित्व

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों में एक बीजेपी के महासचिव और केरल के नेता जर्शर्ज कुरियन का नाम भी शामिल है। उन्हें बीजेपी के संगठन में एक मजबूत नाम के तौर पर देखा जाता है और पार्टी के लिए केरल जैसे राज्य में कुरियन ने काफी काम किया है।**



23 जून (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों में एक बीजेपी के महासचिव और केरल के नेता जॉर्ज कुरियन का नाम भी शामिल है। उन्हें बीजेपी के संगठन में एक मजबूत नाम के तौर पर देखा जाता है और पार्टी के लिए केरल जैसे राज्य में कुरियन ने काफी काम किया है। 1980 के दशक में जब समाजवादियों का एक ग्रुप जनता दल छोड़कर बीजेपी में शामिल हो रहा था तो उन लोगों में एक 19 साल का नौजवान भी शामिल था। यह नौजवान कोट्टायम के एक छोटे से गांव कनककारी के जॉर्ज कुरियन ही थे। एक ईसाई परिवार से आने वाले कुरियन ने जब यह फैसला लिया तो काफी आलोचना का सामना भी करना पड़ा था। जॉर्ज कुरियन चार दशकों से बीजेपी के संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है:मनोज सिन्हा

रियासी 23 जून (एजेंसी) जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। रियासी जिले के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू–कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा, हमें आतंकवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए। कुल 860 कांस्टेबल ने प्रशिक्षण पूरा होने पर परेड में भाग लिया। उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# संक्षिप्त खबरें.......

## रक्तदान मे राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को लगातार पाँचवी बार मिला प्रथम स्थान




अयोध्या(एजेंसी)। बीते सत्र में अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान कराने के लिए ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्था को सीएमएस डॉ उत्तम कुमार,जिला चिकित्सालयअधीक्षक डॉ विपिन कुमार वर्मा,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ फुजैल अंसारी व चिकित्सक डॉ सादिक अहमद ने संयुक्त रुप स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र व ट्राफी प्रदान किया। जिसे संस्था की ओर से अध्यक्ष आकाश गुप्त व उपाध्यक्ष विजय वर्मा ने संयुक्त रुप से प्राप्त किया। बताते चले कि उक्त सम्मान समारोह में तेरह अन्य संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिसमें राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन 267 यूनिट ब्लड डोनेट कर प्रथम स्थान पर रहा जबकि क्रमशः मिलिट्री हॉस्पिटल कैंट 156 यूनिट व संत निरंकारी फाउंडेशन 126 यूनिट ब्लड डोनेट कराके दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। ज्ञातव्य हो की राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन पिछले चार सत्र से जिला चिकित्सालय में रक्त दान व मरीजों को ब्लड मुहैया कराने में प्रथम स्थान रहा है और कोरोना काल में पूरे प्रदेश में रक्तदान कराने में इसी संस्था को प्रथम स्थान रहा है। इस मौके पर सीएमएस द्वारा रक्तदान से जुडी समस्याओं का निराकरण करते हुए हर संभव सहयोग देने की बात कही गयी। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने इस मौके पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उस सभी रक्तदाताओं को समर्पित हैं जो एक निवेदन पर ब्लड बैंक पहुंचकर किसी अपरिचित के लिए ब्लड डोनेट करते है। आकाश गुप्त दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता हैं और अभी तक 47 बार ब्लड डोनेट कर चुके है जिसके लिए इन्हे देश के दस से ज्यादा राज्यों में सम्मानित भी किया जा चूका हैं और रक्तदान को लेकर संस्था का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में भी दर्ज हैं! मौजूदा समय में ये बिहार के सारण जिले में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। समापन पर ब्लड बैंक की कॉउंसलर ममता खत्री व सम्पर्क अधिकारी विदेश्वरी प्रसाद ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर पेश हुए 60 मामले

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों कुमारगंज, खंडासा और इनायत नगर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 60 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें मात्र 01 मामले का निस्तारण मौके पर थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। शनिवार को इनायत नगर थाने पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में किनौली प्रधान सुशीला यादव ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि जंगल–झाड़ी व नवीन परती भूमि पर गांव के ही रामकरन द्वारा छप्पर आदि रखकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्राम प्रधान का यह भी आरोप है कि उक्त मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सहित संपूर्ण समाधान दिवस में किए जाने के बाद मौके की जांच करने पहुंचे एसडीएम राजीव रत्न सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल को अवैध कब्जे को हटाए जाने का निर्देश भी दिया था लेकिन आज तक लेखपाल द्वारा अवैध कब्जे को नहीं हटवाया गया। थाना समाधान दिवस में क्षेत्र से 19 शिकायतें पेश हुई जिनमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं कराया जा सका। दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ल सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे। कुमारगंज थाने पर थानाध्यक्ष रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 16 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। वही खंडासा थाने पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्र से 25 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें 01 मामले का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। थाना समाधान दिवस में प्रस्तुत राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित जिन मामलों का त्वरित निस्तारण नहीं हो सका उन्हें निस्तारित किए जाने हेतु राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर समयावधि के भीतर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया गया।

## नवरात्र व अन्य पर्वो पर विंध्य विकास परिषद के साथ सहयोग करने वाले गोताखोर व नाविकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कराया गया पंजीकरण

मीरजापुर(एजेंसी)। विन्ध्याचल के दीवान घाट पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर नवरात्र मेला व अन्य पर्वों पर विंध्य विकास परिषद के साथ सहयोग प्रदान करने वाले गोताखोरों, नाविकों व अन्य समूहों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर दीवान घाट पर पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर में गोताखोरों, नाविकों व अन्य लोगो के द्वारा पंजीकरण कराया गया। शिविर की अध्यक्षता नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर द्वारा किया गया शिविरि में कुल गोताखोर और नाविकों व अन्य कुल 91 लोगों ने पंजीकरण कराया गया। बताया गया कि इस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से गोताखोरा और नाविकों तथा विंध्य विकास परिषद के सहयोग करने वाले समूह के लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के दृष्टिगत लोगों को शिविर के माध्यम से ही आनलाइन फार्म भी भरा गया। शिविर में बताया कि इस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से सरकार की जो भी योजनाएं इनके लिए बनी है उन सभी योजनाओं का लाभ इन्हें दिया जाना है। जिसके लिए 22 जून से 29 जून 2024 तक जगह जगह शिविर लगाकर नाविकों, गोताखोरों तथा नवरात्र मेला तथा अन्य पर्वों पर सहयोग करने वाले लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिसमें सभी पात्रों को लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी, नगर पालिका चुनार के अधिकारी व कर्मचारीगण तथा नगर पालिका परिषद नगर के अधिकारी व कर्मचारीगण और मत्स्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष की दो टूक जो देश में घुसपैठ करने आए हैं वे हमारे देश में नहीं रह सकते

**–पीएम मोदी का किया गुणगान कहा कि युग पुरुष हैं प्रधानमंत्री**
**–सर्किट हाउस में डीएम और विभिन विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक**



अयोध्या(एजेंसी)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा शनिवार को अयोध्या पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में जिला अधिकारी और विभिन विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में अल्पसंख्यक समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में नतमस्तक होने आए हैं। यहां जिला प्रशासन अल्पसंख्यकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहा है।

अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में आयोग अध्यक्ष ने कहा कि हर भारतीय के उत्थान के लिए 225 स्कीमें हैतो अल्पसंख्यकों के लिए 240 स्कीमें हैं। समस्या यह है कि इसके बारे में उनको जानकारी नहीं है। हम विभिन्न स्थानों पर जाकर धर्मगुरुओ, समाजसेवियों और शिक्षाविदों के साथ बैठक कर उनको बताते है कि आप जानकारी ले और सभी को बताएं। जिससे देश के लोग सभी योजनाओं का लाभ उठा सकें। रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर उन्होंने कहा कि जो भारतीय नागरिक हैं उनको तो यहां सम्मान मिल रहा है और मिलना भी चाहिए लेकिन जो लोग भारतीय नहीं है उनको पहले ढंग से भारतीय होना पड़ेगा।भारत की सिटीजनशिप लेनी होगी। कहा जो लोग भारतीय नहीं है उनके उत्थान के लिए भारतीय क्या करें। दुनिया भर में नागरिकों के लिए सब लोग काम करते हैं जो अपने नागरिक नहीं है उनके लिए क्या होना चाहिए। आप हमारा देश छोड़कर जाए या कानून के मुताबिक नागरिकता लें। जो देश में घुसपैठ करने आए हैं वह हमारे देश में नही रह सकते है। प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक युग पुरुष है जिन्होंने देश को आर्थिक रूप से बहुत आगे बढ़ाया है। हर समस्या का समाधान करने की कोशिश की है। आज विदेश में भारत का नाम है। उन्हीं के कारण भारत के पासपोर्ट पर सही भारतीयों को इज्जत मिलती है।प्रधानमंत्री के कारण ही आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। अध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग इकबाल सिंह लालपुरा, आयोग उपाध्यक्ष केशरी के. देबू, सदस्य रिचेन लाम्हो एवं धन्यकुमार जिनप्पा ने शुक्रवार और शनिवार को जनपद अयोध्या का भ्रमण किया। जिला प्रशासन ने अल्पसंख्यकों के लिए चलायी गई योजनाओं से अवगत कराया। उनके द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आपसी विचार विमर्श किया गया। जनपद अयोध्या में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशासन की भी सराहना की। पीएम मोदी और सीएम गयी। योगी आदित्यनाथ की सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों के विकास एवं कल्याण को किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। चलायी जा रही योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के साथ राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के दल में उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण भी सम्मिलित थे। बैठक में डीएम नितीश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीओ डूडा एवं जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे अधिग्रहण को रोकने के लिए हनुमान चालीसा पाठ

अयोध्या(एजेंसी)। अयोध्याधाम विकास समिति के तत्वावधान में हनुमान चालीसा पाठ करके सत्याग्रह किया गया। अयोध्याधाम जंक्शन के दक्षिण दिशा में स्थित अधिग्रहण के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले निवासियों में भारत सरकार तथा रेलवे प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए धार्मिक अनुष्ठान का सहारा लिया। हनुमान चालीसा पाठ में आए हुए सभी प्रभावित निवासियों ने श्री रामलला के अनन्य भक्त तथा अयोध्या के राजा हनुमान जी से विस्थापन से बचाने के लिए प्रार्थना की। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि आने वाले समय में श्री राम लला सरकार को भी ज्ञापन देने हम अधिग्रहण से प्रभावित नागरिक जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद विनय जायसवाल, श्रीनिवास शास्त्री, शीतला प्रसाद दुबे, दिनेश मिश्रा, हरिनाथ यादव, अनुराग वर्मा, दो बंशीधर, डॉक्टर ओमप्रकाश वर्मा, संजय वर्मा, मनोज सोनकर, अभिनव मिश्रा, सुदामा वर्मा, रंजीत दुबे, बांकेलाल, रामकृष्ण गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने अवध विवि की कुलपति को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

## -25 लाख 93 हजार 275 योग शपथ के साथ बना गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड



अयोध्या(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन योग शपथ में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए 12 राज्य विश्वविद्यालय के साथ डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को अपराह्न राजभवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से एक लाख तेईस हजार छह सौ सरसठ योग शपथ दिलाने के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि 12 से 18 जून तक ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण कराने में 34 राज्य विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया था जिनमें 12 विश्वविद्यालयों ने एक लाख से अधिक शपथ दिलाने वाले विश्वविद्यालयों को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया। 25 लाख 93 हजार 275 के योग शपथ के साथ गिनीज बुक वर्ल्ड रिकार्ड में उत्तर प्रदेश पहला प्रदेश बना। राज्यपाल ने बताया कि समाज की बेहतरी के लिए सभी विश्वविद्यालय योग को अपनाये और आने वाली पीढ़ी को योग के प्रति जागरूक करें। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि राज्यपाल की दूरदर्शिता के हम सभी कायल है। उनके प्रयास शिक्षा जगत की बेहतरी व भारत की अनमोल धरोहर योग को जन–जन तक पहुॅचाने के लिए ऑनलाइन योग शपथ में विश्व कीर्तिमान बना। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन योग शपथ में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो, अधीनस्थ कर्मचारियों व आम जनमानस के साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने ऑनलाइन योग शपथ को आमजन तक पहुॅचाया। इस सम्मान समारोह में 12 विश्वविद्यालयों कुलपति, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर एम बोबडे, राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ0 पंकज एल जानी, विश्वविद्यालय के योग नोडल समन्वयक प्रो0 संत शरण मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, रवि मालवीय सहित अन्य विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मौर्य, मोहम्मद सहील सहित समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, शिक्षकों व कर्मचारियों ने कुलपति को बधाई दी।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

डलमऊ,रायबरेली(आरएनएस)।ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के एक दर्जन से अधिक घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मन्नते मांगी। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के विभिन्न घाटों पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सड़क घाट, वीआईपी घाट, पथवारी घाट, दिन शाह गौरा घाट, रानी शिवाला घाट, संकट मोचन घाट, सहित अन्य सभी घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे और प्रातः काल से ही हर हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान प्रारंभ हो गया।

# आरव्या लगाने से पहले मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का कराएं निपटारा : गौरव दयाल



अयोध्या(एजेंसी)। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी पुलिस थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना कोतवाली अयोध्या में मण्डलायुक्त गौरव दयाल एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। मण्डलायुक्त द्वारा फरियादियों की शिकायतोंध्समस्याओं को सुनने के दौरान राजस्व व पुलिस के अधिकारियोंध् कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जमीन विवाद से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाए। दोनों पक्षों को बुलाकर यथा संभव मौके पर ही प्रकरण का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे विवादो में उभय पक्षों की उपस्थिति में उनमें आपस में बात करके निस्तारण करायें। इस दौरान फर्म कैला देवी क्लॉथ स्टोर के साथ धोखाधड़ी की शिकायत पर उन्होंने थानाध्यक्ष कोतवाली अयोध्या को उभय पक्षो को बुलाकर प्रकरण के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी झारखंडी मोहल्ला के प्रकरण में पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने पूर्व में प्राप्त थाना समाधान दिवस के संदर्भो के निस्तारण की स्थिति का अवलोकन करते हुए थानाध्यक्ष कोतवाली अयोध्या को निर्देशित किया कि 01 जनवरी 2024 से प्राप्त सभी थाना समाधान दिवस संदर्भों के शिकायतकर्ताओं से पुनः बात कर शत प्रतिशत निस्तारण करते हुए उन्हें संतुष्ट किया जाय। इस अवसर पर थाना कोतवाली अयोध्या में कुल 04 शिकायते प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया

# पर्चा छीनकर चल रहा कमीशन का खेल, लगाम लगाने में सीएमओ फेल

मीरजापुर(एजेंसी)। सूबे की योगी सरकार के लाख कवायदों के बावजूद सरकारी अस्पतालों की दशा में सुधार नहीं हो रहा है। सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार पुरी तरह से व्याप्त है, दलाली कमीसनखोरी का खेल अपने चरम पर है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण मिर्जापुर जिले के चुनार तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन देखने को मिलता है। सीएचसी चुनार में एक स्थानीय माफिया का पूरी तरह से राज कायम है। सुबह ओपीडी चालू होते ही अजय, पंकज, विश्वजीत और राजेश नाम के दलाल सीएचसी में पांच से सात की संख्या में एक साथ घुस जाते है और ईलाज कराने आने वालें मरीजों का जबरिया पर्चा छीनकर निजी मेडिकल पर ले जाकर दवा जांच आदि कराकर उनसे अवैधा वसूली और कामिसन खोरी करते है। जिनका चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सक भी भरपूर सहयोग करते है, अस्पताल में कार्यरत एक आयुष चिकित्सक ने इन दलालों को कामिशन के लिए अपना रिश्तेदार बना लिया है। यहीं कारण है की जहां कभी सीएचसी चुनार में लगभग पांच सौ से ऊपर मरीज दिखाने आते थे अब वहा मरीजों का टोटा होता दिखाई दे रहा है, पांच सौ ओपीडी वाले सीएचसी चुनार का ये हाल है की हफ्ते में एक या दो दिन छोड़कर शेष दिनो में सौ ओपीडी भी नही हो पाती, दलालों द्वारा जबरन पर्चा पकड़ने तथा डॉक्टरों द्वारा उनको सह देने से अब तो मरीज भी वाकिफ हो चुके है जिसके कारण मरीज सीएचसी में ईलाज कराने के बजाय निजी अस्पतालों का सहारा ले रहें है। हालांकि मामले की जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सीएल वर्मा से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नही रिसीव हुआ वहीं अपर निदेशक डाक्टर शोभना दिवेदी से वार्ता का प्रयास किया गया ।

# मण्डलायुक्त, डीआईजी व एसपी ने थाना समाधान दिवस में आये हुये आमजन की सुनी समस्याएं

मीरजापुर(एजेंसी)। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी व उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सदर के साथ कोतवाली शहर पर आये हुये फरियादियों की जन समस्याओ सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को गुणपत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पैमाइश के मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुये दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्या का समाधान कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के साथ थाना चुनार पर उपस्थित रह कर आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों यथा कोतवाली शहर पर 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त 1 निस्तारित, थाना कोतवाली कटरा पर 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना विन्ध्याचल पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त 1 निस्तारित, कोतवाली देहात पर 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त 2 निस्तारित, थाना चील्ह पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना कछवां पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 6 निस्तारित, थाना पड़री पर 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना लालगंज पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त 6 निस्तारित, थाना हलिया पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त 2 निस्तारित, थाना जिगना पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना ड्रमण्डगंज पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना सन्तनगर पर 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त 1 निस्तारित, थाना चुनार पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त 9 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त 3 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना राजगढ़ पर 6 प्रार्थना पत्र, थाना मड़िहान पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त 1 निस्तारित तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

## प्रशासन की उदासीनता से किसानों की समस्याओंका नहीं हो रहा समाधान



बीकापुर–अयोध्या(एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत शहीद स्मारक तहसील परिसर बीकापुर के प्रांगण में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई ,पंचायत में बीकापुर तहसील क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर गहनता से अध्ययन किया गया, समस्या समाधान हेतु नायब तहसीलदार बीकापुर ,उपखंड अधिकारी विद्युत पंचायत में पहुंचकर बिन्दुवार वार्ता किया, भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी वार्ता से संतुष्ट नहीं हुए और समस्या समाधान होने तक अनिश्चितकालीन धरना चलाने का निर्णय लिया।

पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि किसानों मजदूरों की छोटी–छोटी समस्याएं हैं जो तहसील प्रशासन के उदासीनता के कारण समाधान नहीं हो पा रहे हैं नाली, चकमार्ग व ग्राम समाज की भूमियों से अवैध कब्जा हटाने की जिम्मेदारी राजस्व प्रशासन की है राजस्व प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन नहीं कर रहा है यहां तक की शिकायत करने के बाद भी अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे हैं। छुट्टा जानवरो पकड़वाकर गौशालाओं में जमा करके खेती को बचाया जाए और पशुओं पर गौशालाओं का टैक लगाया जाए, भयंकर गर्मी में पूरे वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति प्रतिदिन कम से कम 20 घण्टे करते हुए विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन न काटने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले को सुनाते हुए सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि एक हफ्ते के अंदर 25 साधारण सदस्य बनाकर स्वयं सक्रिय सदस्य बन जावे अन्यथा की दशा में पदाधिकारी नहीं रहेंगे। राम गणेश मौर्य कहां की अगर किसानों को इज्जत के साथ जीना है और अपनी समस्याओं का समाधान करना है तो भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना होगा। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता ध्पदाधिकारी अधिकारियों के वार्ता व आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए और एक–एक समस्याओं के समाधान होने तक अनिश्चितकालीन धरना चलाने का निर्णय लिया। पंचायत को देवी प्रसाद वर्मा, तुलसीराम गोस्वामी, संतोष वर्मा, गब्बर गोस्वामी, मोहम्मद अली, जगदीश यादव, जितेंद्र कुमार, मस्तराम वर्मा, मंसाराम वर्मा ,बुधराम मौर्य, नाथूराम यादव, रामसहाय वर्मा, चुन्नीलाल, शेषमणि तिवारी, बैजनाथ निषाद, उर्मिला निषाद, जसमता देवी, लक्ष्मी देवी आदि लोगों ने संबोधित किया।

# राजस्थान कांग्रेस में ईमानदारी



eन में गांठ रहे और गठबंधन कर लिया जाए तो उससे कोई अच्छा नतीजा नहीं मिलता। यह बात अब कांग्रेस को समझ में आ गयी होगी। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में इसका फायदा कांग्रेस को मिला है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के गुट ईमानदारी से एक साथ आये थे। इसी तरह उत्तर प्रदेश में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस का साथ ईमानदारी से दिया। दोनों राज्यों में कमल मुरझा गया है। राजस्थान में कांग्रेस ने बेहतर वापसी की है जबकि मध्य प्रदेश में उसको एक भी सीट नहीं मिल पायी।

राजस्थान की सभी 25 सीटों के नतीजे जब सामने आए तो भाजपा ने 14, कांग्रेस ने आठ और अन्य दलों ने एक–एक सीट जीती है। सन् 2024 लोकसभा चुनाव के परिणाम काफी चौकानें वाले रहे हैं। पिछले दो चुनावों की तुलना में यहां भाजपा को 11 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस के लिए आठ सीटें जीतना संजीवनी से कम नहीं है। इसके अलावा सीपीएम, आरएलपी और बाप पार्टी ने भी एक–एक सीट जीती है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी बाड़मेर से चुनाव हार गए। यहां वे तीसरे नंबर पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को 112524 वोटों से मात दी। इसके अलावा सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत जालौर से चुनाव हार गए। भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने वैभव गहलोत को 201543 मतों से मात दी। झालावाड़–बारां लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला जैन को 370989 वोट से हराया। इसी तरह राजसमंद लोकसभा सीट पर भाजपा की महिमा कुमारी ने कांग्रेस के दामोदर गुर्जर को सियासी मैदान में मात दी। महिमा ने 392223 वोटों से बड़ी जीत दर्ज की है।

इस बार लोकसभा चुनाव में श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदोरा, (कांग्रेस) ने प्रियंका बैलान, (भाजपा) को 88153 मतों से हराया। चूरू से राहुल कस्वां ने (कांग्रेस) देवेंद्र झाझड़िया को 72737 मतों से हराया। झुंझुनू से बृजेंद्र ओला ने (कांग्रेस) के शुभकरण चौधरी, (भाजपा) को 18235 मतों से हराया। भरतपुर से संजना जाटव, (कांग्रेस) ने रामस्वरूप कोली, (भाजपा) को 51983 मतों से हराया। करौली–धौलपुर से भजनलाल जाटव, (कांग्रेस) ने इंदुदेवी, (भाजपा) को 98945 मतों से हराया। दौसा से मुरालीलाल मीणा, (कांग्रेस) ने कन्हैयालाल मीणा, (भाजपा) को 237340 मतों से हराया। टोंक–सवाई माधोपुर से हरीशचंद्र मीणा, (कांग्रेस) ने सुखबीर जौनापुरिया, (भाजपा) को 64949 मतों से हराया। बाड़मेर से उम्मेदाराम बेनीवाल, (कांग्रेस) रविंद्र सिंह भाटी, निर्दलीय को 118176 मतों से हराया है।

इस बार लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सियासत को लेकर बड़ी खबर सामने आई जब अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सुलह हो गई। पार्टी आलाकमान के साथ करीब चार घंटे की लंबी चर्चा के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव पर सहमति जताई कि निश्चित रूप से हम राजस्थान में चुनाव जीतेंगे। यह भाजपा के खिलाफ एक संयुक्त लड़ाई होगी। इससे पहले अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि गहलोत ने खरगे से उनके आवास पर शाम करीब छह बजे मुलाकात की। कुछ मिनट बाद राहुल गांधी भी बैठक में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने गहलोत के साथ करीब आधे घंटे तक विचार–विमर्श किया।इसके बाद पार्टी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा को बुलाया गया। करीब दो घंटे बाद पायलट बैठक में शामिल हुए। लंबे अरसे के बाद यह पहली बार था कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और उनके पूर्व डिप्टी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में आमने–सामने बैठे थे।

कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा चुनाव से पहले राजस्थान इकाई में अंदरूनी कलह को दूर करने और दोनों नेताओं के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए भी कड़ी मशक्कत कर रहा था। इससे पहले सचिन पायलट को लेकर चल रही 'फॉर्मूले' वाली खबरों पर गहलोत ने कहा कि कोई भी नेता कोई चीज मांगे या आलाकमान पूछे कि आप कौन सा पद लेंगे, ऐसा रिवाज मैंने नहीं देखा है और ऐसा कभी होता नहीं है। फॉर्मूले की खबरों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मीडिया की दिमाग की उपज है। हो सकता है कि कुछ नेता इस तरह की कहानियां रच रहे हों। कांग्रेस में अब तक न कभी ऐसा हुआ है और न भविष्य में होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आलाकमान बहुत मजबूत है तथा किसी भी नेता या कार्यकर्ता में किसी पद की मांग करने की हिम्मत नहीं है। पार्टी में ऐसा नहीं होता है। जाहिर है तब समझौते में ईमानदारी नहीं थी और कांग्रेस विधानसभा चुनाव हार गयी थी।

राजस्थान कांग्रेस प्रदेश में संगठन का पूरा चेहरा बदलने की तैयारी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस स्तर पर इस संबंध में एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद दिल्ली आलाकमान से अनुमति से फैसला लिया जाएगा। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही राजस्थान कांग्रेस में बड़े बदलाव होंगे। खासतौर पर संगठन से जुड़े बड़े नेताओं की छुट्टी कर दी जाएगी, जो चुनाव में निष्क्रिय रहे या जिन्होंने पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में पर्दे के पीछे भूमिका निभाई।

राजस्थान में ऐसे 400 नेताओं की सूची तैयार कर ली गई है। इन नेताओं की जगह ऊर्जावान युवाओं को जगह दी जा सकती है। इन नेताओं में विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी और कई पूर्व विधायक पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। राजस्थान में संगठन में फिलहाल करीब 2200 पदाधिकारी हैं। इनमें करीब 400 के आसपास ऐसे नेता हैं जो लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस वॉर रूम की ओर से ऐसे नेताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उनसे पूछा गया है कि चुनाव के दौरान आप कहां काम कर रहे थे। अपने प्रभार वाले क्षेत्र में आप कितनी बार गये आपने कितनी मीटिंग ली। कांग्रेस के किस कार्यक्रम में आप शामिल हुए। नोटिस का जवाब मिलेगा। उस आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। क्रॉस वेरिफिकेशन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को कार्यकारिणी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के बीच भी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ गतिविधियां करने वाले नेताओं को नोटिस देने की कार्यवाही की जा चुकी है। पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कांग्रेस नेता अमीन खान, तेजपाल मिर्धा और बालेन्दु शेखावत को पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है जबकि विधायक गणेश घोघरा को प्रत्याशी के नामांकन में नहीं पहुंचने पर नोटिस दिया जा चुका है। कुल मिलाकर कांग्रेस मानती है कि संगठन के स्तर पर निष्क्रियता के चलते ही लोकसभा चुनावों में वोटिंग पर इसका असर पड़ा था। कम वोटिंग से कांग्रेस ऊपरी तौर पर खुश होने की बात कहे, लेकिन वे जानते हैं कई सीटों पर इसका नुकसान भी कांग्रेस को उठाना पड़ सकता है। यही वजह है कि कांग्रेस अब संगठन को सक्रिय करने और सुस्त पड़ चुके नेताओं को पदों से हटाने की तैयारी में दिखाई दे रही है। ¼fgQh½

## सम्पादकीय

# लोकसभा का अगला स्पीकर कौन??

नई संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है । 26 जून को लोकसभा के लिए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा । परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है । परन्तु पिछली लोकसभा में कोई भी अधिकृत विपक्ष का नेता नहीं था क्योंकि उसके पर्याप्त संख्या में लोकसभा में सदस्य नहीं थे । शुरू–शुरू में जनता दल (यूनाइटेड) ने रेलवे और वित्त मंत्रालय की मांग की थी, तेलगुदेशम ने स्पीकर का पद चाहा था । परन्तु भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है । असल में किस सदस्य को निष्कासित करना या किसी दल में टूटन की स्थिति में कौन असली पार्टी है, किसके पास चुनाव चिन्ह रहेगा, स्पीकर तय करता है ।

पिछले दिनों हुई बैठक में जिसमें एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के सदस्य थे, उन्होंने सर्वसम्मति से स्पीकर पद पर भाजपा के चुनने का अधिकार दे दिया है । भाजपा ने उदारता दिखलाते हुए डिप्टी स्पीकर का पद अन्य सहयोगी दलों को देना तय हुआ है । ऐसी स्थिति में विपक्ष स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती है, यद्यपि संख्या बल को देखते हुए उसका जीतना असंभव है । असल में स्पीकर का आसन बहुत जिम्मेदारी का होता है। सभी सदस्यों को उसके प्रति उदारता दिखलानी चाहिए । परन्तु इस चुनाव में दोनों पक्षों की ओर से जैसा प्रचार हुआ, उसे कड़वाहट और बढ़ गई और विपक्ष अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी । यद्यपि उसके जीतने के कोई चांस नहीं है, फिर भी इससे स्पीकर पद की गर्म में तो कमी आयेगी ही ।

असल में शायद भाजपा पुनरू ओम बिरला को चुनना पसंद करे और डिप्टी स्पीकर के लिए तेलुगु देशम की किसी महिला को यह पद देना चाहेंगे । चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी का नाम स्पीकर पद के लिए लिया जा रहा था, पर वे इतनी सीनियर हैं कि डिप्टी स्पीकर का पद शायद ही स्वीकार करें ।

जब कोई दल टूटता है तो स्पीकर का निर्णय अहम हो जाता है । महाराष्ट्र में शिवसेना की टूटने पर स्पीकर ने अपना फैसला डाले रखा, और चाहा कर भी सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सका कि यह आरोप न लगे कि स्पीकर के अधिकार का सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण किया है । यूं कहने के लिए यह एन.डी.ए. की सरकार है परन्तु असल में यह भाजपा की ही सरकार है । मंत्री पद के बंटवारे से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है । असल में जे.डी.यू. के 12 और तेलुगु देशम के 16 सदस्यों के अलावा शेष दल के मात्र एक–एक सांसद हैं और सभी को मंत्री पद मिल गये हैं । वे किस बलबूते पर बगावत कर सकते हैं । भाजपा 240 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े से 32 काम हैं । परन्तु अनेक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भाजपा का समर्थन किया है । ऐसे में अन्य दलों में नरेंद्र मोदी की पर्सनेलिटी के बराबर कोई टिक ही नहीं सकता । इस कारण इस तीसरे कार्यकाल में भी मोदी जी उसी तत्परता से अपना लक्ष्य पूरा कर सकेंगे, जैसे वे पिछले कार्यकालों में कर चुके हैं ।

असल में 400 पर का नारा और भाजपा को 370 के नारे ने लोगों में उदासीनता भर दी थी । फिर इस भयंकर गर्मी में बहुत से भाजपा के समर्थक वोट डालने गये ही नहीं । इसी कारण इस बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी जी को उतने मतों से बढ़त नहीं मिली जितने पहले और दूसरे कर्यकाल के दौरान मिली थी ।

मोदी जी का करिश्मा ही कुछ ऐसा है, कि लोग अपने को मोदी का परिवार मानते हैं । फिर उनकी कर्मठता और निष्ठा के सामने कोई भी विपक्ष का नेता टिक नहीं पाता । विपक्ष वैसे भी खंडित है, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा । मायावती ने विपक्ष को ज्वाइन ही नहीं किया यद्यपि इस बार लोकसभा में उनका कोई उम्मीदवार नहीं है । असल में जिस तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में देश में विकास हो रहा है, उसको देखते हुये तो सभी को एक होकर भारत के विश्व गुरु बनने में मदद करनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से बढ़कर देश का विकास पहले है ।

# मिशन क्रांग्रेस थ्रो प्रियंका



कांग्रेस में नयी जान फूंकने की तैयारी दो दशक से चल रही है। श्रीमती सोनिया गांधी ने २००४ में पार्टी को गठबंधन की राजनीति से जोड़कर यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) बनाया था जिसने भाजपा से सत्ता छीन ली और लगातार १० साल तक कांग्रेस नेतृत्व में ही सरकार चली। इस बीच गठबंधन चलता रहा लेकिन घटक दल बदलते रहे। कांग्रेस को २०१४ में भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता से बाहर किया। उसी समय से एक विलक्षण व्यक्तित्व की राजनीति में अहमियत हो गयी। कांग्रेस को प्रियंका गांधी वाड्रा की उसी समय जरूरत थी लेकिन किसी कारणवश उनको आगे नहीं लाया जा सका। इस बीच कांग्रेस का अंकगणित लगातार गिरता गया और २०१९ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गढ़ रहे उत्तर प्रदेश में सिर्फ रायबरेली की सीट ही पार्टी को मिल पायी। राहुल गांधी अमेठी से पराजित हो गये। अब २०२४ में कांग्रेस ने सपा के साथ गठबंधन कर यूपी में ६ सांसद पाये हैं। देश भर में विपक्षी दलों का एक महागठबंधन इंडिया के नाम से बना है जिसके तहत कांग्रेस को तमिलनाडु और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा सफलता मिली है। पूरे देश में कांग्रेस ने ९९ सीटें जीती हैं। शतक बनाने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को केरल के वायनाड से उपचुनाव लड़वाया जा रहा है जहां से उनके भाई राहुल गांधी ने इस्तीफा दिया है। यह रणनीति अच्छी है लेकिन प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश में लौटना ही पड़ेगा अगर कांग्रेस ने २०२९ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के बैनर पर ९९ सीटें जीती हैं तो २०२९ में इंडिया गठबंधन २७२ का आंकड़ा भी प्राप्त कर सकता है जो इस बार २३५ पर अटक गया है। प्रियंका को यूपी में प्रतिनिधित्व देकर कांग्रेस उस कहावत को फिर चरितार्थ करेगी कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर गुजरता है। हालांकि ३७ सीटें जीत कर सपा का लक्ष्य भी दिल्ली ही है। ममता बनर्जी, चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार का लक्ष्य भी दिल्ली है लेकिन ये सभी एक राज्य तक ही सीमित हैं।

पिंयंका गांधी अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रही हैं। सीट चुनी है दक्षिण भारत के केरल राज्य की वायनाड। वही वायनाड, जहां से राहुल गांधी दो बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। राहुल के रायबरेली सीट रखने और वायनाड छोड़ने के बाद पिंयंका की एंट्री चुनावी राजनीति में हो रही है। वैसे तो राजनीति में कदम रखने वाला हर कार्यकर्ता चुनावी राजनीति के जरिए संसद पहुंचने का सपना देखता है लेकिन पिंयंका गांधी को यह मौका काफी देर से मिला है। पिंयंका गांधी वायनाड से यूं ही नहीं उतर रही हैं। इसके पीछे गांधी परिवार की बड़ी रणनीति है। दरअसल, पिंयंका गांधी राजनीति में सोनिया गांधी के पंचार के जरिए जुड़ीं। उसके बाद राहुल गांधी के चुनावी कार्यक्रम की पूरी कमान उनके पास आ गई। इसके बाद वो अमेठी और रायबरेली की कर्ता धर्ता बन गईं। मां और भाई दोनों के चुनाव की बागडोर उनके ही हाथ में रही। सोनिया की उम्र ढलने और राहुल गांधी के राष्ट्रीय फलक पर उभरने के दौरान पिंयंका गांधी पूरी तरह अमेठी और रायबरेली पर ध्यान केंर्दित कर चुनाव लड़वाती रहीं। उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली जाने के फैसले के बाद अमेठी की कमान संभाली और किशोरी लाल शर्मा के चुनाव की कमान अपने हाथ में ले ली। अमेठी से जीत और रायबरेली से राहुल गांधी के रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद सोनिया गांधी पर पिंयंका को इनाम देने का दबाव बढ़ गया। वायनाड सीट खाली करने के राहुल गांधी के एलान के साथ ही मौका भी आ गया और दस्तूर भी कि पिंयंका को चुनाव लड़वाया जाए। गांधी परिवार को ये फैसला लेने में ज्यादा वक्त भी नहीं लगा।

सवाल यह है कि पिंयंका गांधी को वायनाड से क्यों लड़वाया जा रहा है? तो इसके पीछे राहुल गांधी की उत्तर और दक्षिण की राजनीति को साधने की रणनीति है। राहुल गांधी ये मानते हैं कि जब अमेठी ने दगा दिया, तब उनको सुदूर दक्षिण के वायनाड ने ही बचाया। वायनाड के लिए राहुल गांधी के मन में इज्जत इतनी बढ़ गई कि वायनाड छोड़ने का फैसला लेना उनके लिए काफी मुश्किल हो गया। उधर, केरल और वायनाड के लोगों ने एक सुर में मांग की कि राहुल अगर वायनाड छोड़ रहे हैं तो गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को यहां से चुनाव लड़ना चाहिए। स्वाभाविक है की वो नाम पिंयंका का ही होता। वही हुआ। केरल और वायनाड ने २०१९ और २०२४ दोनों लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का जमकर साथ दिया। केरल के लोगों ने लोकसभा में सीटों से कांग्रेस की झोली भर दी। राहुल गांधी उस आधार को खोना नहीं चाहते। इसलिए भी पिंयंका गांधी को टिकट देना सियासी मजबूरी बन गई। केरल में २०२६ में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। यहां पिंयंका गांधी जमीन तैयार करेंगी और राहुल गांधी सही समय पर आक्रामक चुनाव पंचार के जरिए इस राज्य में पार्टी की सरकार की वापसी करवाएंगे। पिंयंका के लोकसभा सांसद बनने से लोकसभा में राहुल गांधी को मजबूती मिलेगी। राहुल गांधी पर लोकसभा में नेता विपक्ष का पद लेने का दबाव है। संभवत: वो इसे स्वीकार भी कर लें लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। चूंकि राहुल गांधी को पूरे देश में दौरे और पार्टी के पक्ष में पंचार करना है, इसलिए संसद में राहुल गांधी की अनुपस्थिति में पिंयंका एक ताकत बनकर विपक्षी सांसदों का नेतृत्व कर सकती हैं। सोनिया गांधी अब राज्यसभा जा चुकी हैं।

लोकसभा चुनाव २०२९ के लिए कांग्रेस ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस पार्टी भले ही इंडिया गठबंधन के बैनर तले दिख रही हो लेकिन ९९ सीटें जीतने के बाद उसे अपने दम पर अगले चुनाव में २७२ दिखने लगा है। यही वजह है की राहुल गांधी ने पिंयंका को चुनावी मैदान में उतारकर पूरे दमखम और दोगुनी ताकत से २०२९ की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में एलायंस करके ३२८ सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ ९९ सीटों पर उसे जीत मिली। हालांकि, यह पिछले लोकसभा चुनाव से लगभग दोगुनी है। तब कांग्रेस को सिर्फ ५२ सीटें मिली थीं। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस काफी उत्साहित नजर आ रही थी। हर ओर जीत के दावों की गूंज थी, लेकिन सरकार गठन के बाद कांग्रेस ने हार की समीक्षा करने का फैसला किया है। जिन राज्यों में पार्टी का पंदर्शन बेहद खराब रहा है या जहां उसे शून्य सीटें मिली हैं, उन पर ज्यादा फोकस रहेगा। इसके लिए पार्टी ने राज्यवार समितियों का गठन किया है। पैनल रिपोर्ट सौंपेंगे, उसके बाद पार्टी इस पर आखिरी फैसला लेगी।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल पंदेश सहित कुछ राज्यों में पार्टी के बेहद खराब पंदर्शन का आकलन करने के लिए छह समितियों का गठन किया है। इन सभी राज्यों में पार्टी सत्ता में है। मध्य पंदेश, दिल्ली और उत्तराखंड पर भी पार्टी का फोकस रहेगा, क्योंकि इन राज्यों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। एआईसीसी संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने जो पैनल तय किया है, उनका काम हार की वजह तलाशना है। मध्य पंदेश में हार की वजह तलाशने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, सप्तगिरी उलाका और जिग्नेश मेवाणी को जिम्मेदारी दी गई है। तीन सदस्यीय यह पैनल राज्य में पार्टी को कोई भी सीट नहीं मिलने के कारणों पर गौर करेगा। छत्तीसगढ़ के लिए जो समिति बनाई गई है, उसमें पूर्व केंदीय मंत्री वीरप्पा मोइली और राजस्थान के पूर्व मंत्री हरीश चौधरी शामिल हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन और तारिक अनवर ओडिशा में हार के कारणों का आकलन करेंगे।

# संविधानिक ढाचे और लोकतंत्र को चुनौती

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

वे माओवादी हिंसा को दरकिनार करके इसे गरीब आदिवासियों का विद्रोह कहती हैं। करीब डेढ़ दशक पहले उन्होंने रेड कॉरिडोर के केंद्र माने जाने वाले बस्तर की गुपचुप यात्रा की और दंडकारण्य में माओवादियों के साथ काफी वक्त बिताया।

वे माओवादियों को भाई, साथी या कॉमरेड कह कर लाल सलाम कहने में फख्र महसूस किया करती थीं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र आदिवासियों की खिलाफत का अस्त्र नजर आता है। 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती रॉय अपनी किताब श्वॉकिंग विद द कॉमरेड्स्य में लिखती हैं–श्भारतीय संविधान, जो भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, संसद द्वारा 1950 में लागू किया गया। यह जनजातियों और वनवासियों के लिए दुरूख भरा दिन था। संविधान में उपनिवेशवादी नीति का अनुमोदन किया गया और राज्य को जनजातियों की आवास भूमि का संरक्षक बना दिया गया। मतदान के अधिकार के बदले में संविधान ने उनसे आजीविका और सम्मान के अधिकार छीन लिए।य

अरुंधती अपनी इस किताब में माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा का खतरा बताए जाने का मखौल उड़ाती हैं। भारत की यह ख्यात लेखिका मानवाधिकार के मुद्दों पर सरकार पर हमले करने से परहेज नहीं करतीं। अरुंधती कश्मीर में तैनात फौज को जनता की दुश्मन बताती हैं। उन्हें संसद पर हमले के प्रमुख आरोपी अफजल गुरु से हमदर्दी रही। अपने ब्लॉग में वह भारत की पूरी न्याय प्रक्रिया पर कटाक्ष करते हुए कहती हैं–श्लेकिन अब जब अफजल गुरु को फांसी दे दी गई है, तो मुझे उम्मीद है कि हमारी सामूहिक अंतरात्मा संतुष्ट हो गई होगी। या फिर हमारे खून का प्याला अभी भी आधा ही भरा है?य 2010 में राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजानिक रूप से कहा–श्कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा कर लिया था।य

कश्मीर की पृथकतावादी ताकतों के लिए अरुंधती पसंदीदा चेहरा हैं, और उनके विचारों को वे भारत के बौद्धिक वर्ग की आवाज कह कर दुनिया भर में प्रचारित करते हैं। 2010 में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। उन पर भारत विरोधी भाषण देने और कश्मीरी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया। अब अरुंधती रॉय के खिलाफ गैर–कानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मुकदमा चलेगा। अरुंधती अच्छी लेखिका हैं, और उन्हें पसंद करने वाले देश–विदेश के कई लोग हैं, जिन्हें लगता है कि अरुंधती पर मुकदमा कायम करना,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकने जैसा है। 2023 के फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में सलमान रुश्दी ने अरुंधति पर मुकदमा चलाने के कदमों की आलोचना करते हुए कहा था–श्वह भारत की महान लेखिकाओं में से एक हैं, और बहुत ईमानदार और जुनूनी इंसान हैं। उन मूल्यों को व्यक्त करने के लिए उन्हें अदालत में लाने का विचार शर्मनाक है। भारत की विविधता और जटिलता में बहुत सारे विरोधाभास हैं, और इसे स्वीकार भी किया जाना चाहिए। अरुंधती ने अपनी लेखनी और आंदोलनों में हिस्सा लेकर इन्हें समाज के सामने लाने में महती भूमिका निभाई है। आजादी और स्वतंत्रता की पक्षधर इस लेखिका को 45वें यूरोपीय निबंध पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। अरुंधती भारतीय लेखिका के रूप में देश–विदेश में आमंत्रित की जाती हैं, लेकिन वे अक्सर भारत की छवि को निरंकुशता के करीब ले आती हैं। अरुंधती गरीब आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान को शोषण के अस्त्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए दिखाई पड़ती हैं। संविधान का अवलोकन करें तो उनके दावों से उलट आदिवासियों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए कई उपबंध शामिल किए गए हैं। अनुच्छेद 15(4) अनुसूचित जनजातियों की शैक्षिक उन्नति के लिए विशेष प्रावधान सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 46, राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित करने का निर्देश देता है।

# मोदी पर आरएसएस का छुपा वार

जगदीश रत्तनानी

इस बारे में बहुत कुछ लिखा गया है कि 2024 के चुनावों पर नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का भाषण सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करता है। यह कहा जाता है कि भागवत ने उनकी निंदा किए या उनका नाम लिए बिना सब कुछ कह दिया है और अपने इच्छित लक्ष्य के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा है कि चुनाव युद्ध नहीं है, दोनों पक्षों को सुनने के लिए एक दृष्टिकोण है और सच यह है कि सेवक वह है जो मर्यादा में रहकर और अहंकार के बिना सेवा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर में मुद्दों को एक साल से अधिक समय से उपेक्षित किया गया है। समझदारी का इशारा देने वाले इन शब्दों को और किसकी ओर निर्देशित किया जा सकता है? भागवत के बयान के बाद इसे व्यापक रूप से मोदी विरोधी वक्तव्य के रूप में देखे जाने के बाद अज्ञात स्रोतों के माध्यम से संघ ने यह स्पष्ट करना उचित समझा है कि वह उस व्यक्ति के बारे में ऐसा कोई इरादा नहीं रखता है जिसने अभी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। कई ऐसे लोग हैं जो इसमें आरएसएस का दोमुंहापन देखते है और जो मानते हैं कि संघ भाजपा का वैचारिक अभिभावक है एवं उसे उन सभी ज्यादतियों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए जो हमने मोदी–युग के दौरान देखी हैं। आखिरकार मोदी आरएसएस की विचारधारा के विद्यार्थी हैं और वे वही ढोल बजा रहे हैं जो संगठन ने उन्हें सिखाया है। बाकी सब जो हो रहा है वह आरएसएस की छत्रछाया में नूरा कुश्ती है और नियंत्रण का अस्थायी बदलाव है। फिर भी यह विचार है कि आरएसएस के हालिया बयानों में कुछ और भी है, खासकर जब वे भाजपा के चुनावी हार के मद्देनजर आते हैं। इसमें आंशिक रूप से निर्मित और जल्दबाजी में उद्घाटित राम मंदिर के निर्वाचन क्षेत्र में सीट खोना भी शामिल है। यह देखते हुए कि चूंकि भारतीय जनता पार्टी एक व्यक्ति के हाथों में सिमट गई है और अपने दम पर सोच नहीं सकती है तो इन हालातों में यह चुनाव आरएसएस में कुछ वास्तविक पुनर्विचार के लिए ट्रिगर हो सकते हैं। आज यह आरएसएस की उस दुविधा को सामने ला रहा है कि इसके एजेंडा को नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरा किया है, संघ एक ऐसी सरकार से शक्ति और संसाधन प्राप्त कर सकता है जो अब एक दशक से अधिक समय से पूर्ण नियंत्रण में है लेकिन ऐसा लगता है कि यह उस तौर तरीके को नापसंद कर रहा है जिसे इस प्रक्रिया में मोदी ने अपने चारों ओर बनाया है। दूसरे शब्दों में कहें तो आरएसएस के नजरिए से नीतियां श्अच्छीश हैं लेकिन उन्हें व्यवहार में लाने वाला व्यक्ति सही नहीं है। संघ के द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने एक बार कहा था कि– आरएसएस कार्यकर्ता की श्असाधारणताश ठीक ऐसी होनी चाहिए कि हर कार्यकर्ता खुद को श्साधारणश माने।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेलर के चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

बस्तीएजेंसी। गोरखपुर–अयोध्या हाईवे पर शुक्रवार की सुबह बाइक सवार व्यक्ति की ट्रेलर की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ट्रेलर के पहिए के नीचे फंसे शव को निकाल कर थाने ले गई। लिखा–पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम् के लिए भेज दिया। ट्रेलर पुलिस के कब्जे में है। जानकारी के अनुसार, दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव निवासी सुकुरू निषाद (55) शनिवार की सुबह बाइक से हर्रैया कस्बे में सीमेंट खरीदने आए थे। लौटते समय हाईवे पर तेनुआ गांव के सामने सड़क पर बने कट के पास बाइक सहित ट्रेलर की चपेट में आ गए। ट्रेलर के पहिए के नीचे फंसकर कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। सूचना के बाद थाने पहुंचे सुकुरू के परिजनों ने शव का शिनाख्त की। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

0000000

### करंट लगने से युवक की मौत

बस्तीएजेंसी। पिपरहिया गांव में सुबह घर में स्टैंड वाला पंखा लगाते समय करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, पिपरहिया गांव निवासी अजय यादव शनिवार की सुबह गर्मी लगने पर स्टैंड वाला पंखा प्लग में लगा रहे थे। तभी वह करंट की चपेट में आ गए। आनन–फानन परिवार के लोग उसे गौर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अजय की पत्नी प्रियंका (28), बेटा आर्यन (2) व बेटी प्राजंलि (4) हादसे के वक्त सो रहे थे। अचानक पत्नी की नींद खुली तो देखा पति जमीन पर पड़े थे। इस पर वह जोर से रोने लगी। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। तब तक अजय की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद पत्नी सदमे में है। प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### संजय सेतु पुल पर खराब हुए डीसीएम और ट्रक, हजारों वाहनों के बीच एंबुलेंस भी फंसे, यात्री परेशान

बहराइचएजेंसी। लखनऊ बहराइच मार्ग पर शनिवार को संजय सेतु पुल पर दो वाहन खराब हो गए। इससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। एंबुलेंस के अलावा बलरामपुर जिले के एसपी का वाहन भी जाम में फंस गया। यात्रियों को काफी परेशानी हुई। लखनऊ गोंडा बहराइच मार्ग घाघरा घाट संजय सेतु पुल पर सुबह 9रू00 बजे से 1 बजे तक भीषण जाम लगा है। संजय सेतु पुल पर दो वाहन में खराबी आने से 5 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया जिसमें लगभग पांच हजार से अधिक छोटे बड़े वाहन हजारों बाइक जाम में फसे रहे सूचना पर जरवल रोड पुलिस घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार मय फोर्स पहुंचकर गाड़ियों को लाइनिंग में कर कर धीरे–धीरे वाहनों का निकलना शुरू हो गया है। जिसमें दुपहिया, चौपहिया वाहन चौकाघाट से झुकिया तक लगभग 5 किलोमीटर तक चार घंटे से अधिक तक जाम लगा रहा। एम्बुलेंस तक जाम में फंसी रही। मरीज के परिजन काफी परेशान नजर आ रहे थे। घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि दो वाहनों में खराबी आने से लंबा जाम लग गया था। बलरामपुर एसपी भी जाम में घंटो फंसे रहे। वह लखनऊ जा रहे थे। जरवल रोड पुलिस ने किसी तरह एसपी के काफिले को बाहर निकाला।

### प्राइवेट अस्पताल के डायरेक्टर से फोन पर मांगी 20 लाख की रंगदारी, जांच में जुटी पुलिस

बहराइचएजेंसी। नानपारा कस्बे में संचालित एक अस्पताल के डायरेक्टर को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर 20 लाख की रंगदारी मांगी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में कस्बे में नवजीवन हास्पिटल संचालित है। अस्पताल के डायरेक्टर डाक्टर राजित राम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते दो जून की दोपहर में अज्ञात ने मोबाइल पर काल की। जब उन्होंने मोबाइल उठाया तो काल करने वाले ने बोला कि जिस जगह हम बता रहे है, वहां पर बीस लाख रुपये भिजवा दो। नहीं तो जान से मार देंगे। जिस पर वह काफी घबरा गए और थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व तहरीर मिली है। जिस पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

0000000

### ट्रक की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, भाई बहन समेत चार घायल

बहराइचएजेंसी। जनपद के नानपारा–बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह सवा तीन बजे ट्रक और कार में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार भाई बहन समेत चार घायल हो गए। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली नानपारा अंतर्गत खुदादभारी गांव के पास शनिवार सुबह 3.15 बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि नानपारा से बहराइच की ओर से जा रही ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी और बहराइच से नानपारा की ओर जा रही हुंडई कार में हादसा हुआ। हादसे में मौके पर ही रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सुजौली बाबा कुट्टी निवासी नौसाद (25) पुत्र ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद, ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद (60) पुत्र मोहम्मद फकीरे और मोहम्मद आरिफ (70) पुत्र फकीरे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हाशिम पुत्र (45) फकीरे, अर्श (10) पुत्र नौशाद, अरसा बानो (5) पुत्री नौशाद और खादिम (12) घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी एक ही परिवार के मृतक और घायल हैं।

## समाधान दिवस पर 25 मामले आये 6 का निस्तारण



चिरैयाकोट, मऊ(एजेंसी)। थाना समाधान दिवस पर 25 मामले आये थे।जिसमें से 6 मामलों का निस्तारण मौके पर समाधान का नेतृत्व नायब तहसीलदार गौरव शाह ने किया। इस दौरान 25 मामले में से 3 मामले पुलिस से संबंधिततथा 22 मामले राजस्व विभाग से संबंधित था। वही सरसेना चौकी क्षेत्र के विमला मिश्रा पत्नी रामप्यारे मिश्रा निवासिनी सरसेना की गाटा संख्या 577 की भूमि है। उस पर आधे से ज्यादा हिस्से पर वह काबिज मौके पर उस भूमि जोत बो रही है। चिरैयाकोट थाना समाधान दिवस पर 25 मामले आये 6 का मौके पर निस्तारण जिसमें से 3 पुलिस संबंधित तथा 22 मामले राजस्व विभाग से संबंधित मामले में निस्तारण किया गया है। गाँव के लोग कर रहे है भूमि पर अतिक्रमण बताया जाता है कि विमला देवी पत्नी रामप्यारे मिश्रा सरसेना है गाँव निवासी की भूमि के कुछ हिस्सों पर विपक्षी लक्ष्मण पासवान, गुड्डू पासवान, घूरहू पासवान और उसके साथ कई अन्य लोग मिलकर जबरदस्ती झोपड़ी रखकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे है। मना करने पर आमादा फौजदारी हो जाते है तथा फर्जी तरीके से एससी एसटी के मुकदमे में फसाने की धमकी देते हुए जेल भेजवा दूगां इस बात की 20 जून को चौकी प्रभारी को दिया गया था उन्होंने ने मौके पर पुलिस भेजकर कब्जे को रुकवा दिया है तथा उसी दिन स्थानीय लेखपाल सर्वेश सिंह द्वारा मौके पर पैमाइस करके निशानदेही भी करवाया गया है। उसके बावजूद भी वह लोग आज अवैध रूप से फिर कब्जा करने का लिए मशीन गाडकर प्रयास किया जा रहा था। जिसको पुलिस प्रसासन ने मौके पर रुकवा दिया है तथा वह लोग खुले आम प्रशासन के आदेश का उल्लंघन रहे है। मौके पर पुलिस प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की हरकत दूबारा न हो अन्यथा विधिक कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र कुमार यादव, व राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार पाण्डेय, विजय कुमार सिंह, लेखपाल विनोद गिरी, सर्वेश सिंह, इंद्रमणी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध रिवाल्वर और तमंचा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

### *- जमीनी विवाद में फायरिंग का है आरोप*

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खुशामदपुर गांव में विगत 19 जून को जमीनी विवाद में मारपीट और फायरिंग की घटना में वांछित तीन आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को हल्की मुठभेड़ के बाद मंडईया चट्टी से कोलौरा गांव जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों पर जमीनी विवाद में विपक्षी के समर्थको को जान से मारने की नीयत से फायरिंग का आरोप है। इस संबंध में शनिवार को कोतवाली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार डॉक्टर अजय विक्रम सिंह और कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि खुशामदपुर निवासी अंतू यादव और सूर्यनाथ यादव के परिवार के बीच जमीन का विवाद है। 19 जून को विवाद के चलते दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को शांति भंग के अंदेशा में चालान किया था। जमानत से छूटने के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के समर्थकों को जान से मारने की नियत से फायरिंग किया था। इस संबंध में आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। फायरिंग के वांछित आरोपियों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को क्षेत्र के मंडैया चट्टी से कोलॉरा रोड पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक से आ रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में तीनों के पास से 32 बोर की रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस के साथ दो तमंचा और जिंदा कारतूस मिला। गिरफ्तार किए गए रामप्रवेश यादव, मनोज यादव और विनोद यादव पुत्र अंतू यादव निवासी खुशामदपुर सगे भाई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जमीनी विवाद में हमारे विपक्षी परिवार का साथ देने वाले गांव के ही अजय यादव और अजीत यादव को जान से मारने को लेकर तीन अन्य साथियों के साथ फायरिंग किया था लेकिन सभी बच गए। घटना में शामिल अजय यादव, मोनू यादव और अमर यादव अभी फरार है। पुलिस उनकी भी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## उत्तराखंड, एमपी और राजस्थान की तर्ज पर यूपी में नजूल भूमि फ्री होल्ड किये जाने की मांग, व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बहराइचएजेंसी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर व्यापार मंडल बहराइच की ओर से नजूल भूमि फ्री होल्ड करने व अन्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी के माध्यम से शनिवार को भेजा। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के निर्देशन में पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा है कि नजूल सम्पतियों के अधिग्रहण सम्बन्धी गत 7 मार्च 2024 को जारी आध यादेश को लेकर पूरे प्रदेश के व्यापारी उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में बेहद चिंता व रोष है। क्योंकि पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से लेकर पूरे प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यापारिक, औद्योगिक व रिहायशी उदेश्य से किया जा रहा है। ऐसे में अधिग्रहण से जहां व्यापार और उद्योग पर बेहद विपरीत असर होगा वहीं पीढ़ियों से रह रहे लोगों को आवास की समस्या भी उत्पन्न होगी। क्योंकि यह अध्यादेश लोकहित में नहीं है इसलिए व्यापार मण्डल इस अध्यादेश का विरोध करता है और सरकार से इसे वापस लेने की मांग करता है। व्यापार मंडल ने पत्र में कहा है कि प्रदेश भर में लाखों की संख्या में ऐसे भूखण्ड जो व्यवसायिक गतिविधियों में परिवर्तित हो गये हैं। उन भूखण्डों को तब अधिकारियों ने नहीं रोका लेकिन अब उन पर सील व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हो रही है। कार्यवाही से उद्योग व व्यवसाय पर तो असर पड़ेगा, साथ ही साथ बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न होगी।व्यापारियों ने यह मांग रखी है कि पूर्व की भांति नजूल सम्पतियों को फ्री होल्ड करने की योजना दोबारा शुरू हो। उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश व राजस्थान में भी नजूल सम्पत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना चल रही हैं। जब तक यह योजना लागू की जाये तब तक प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों का प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाये जिससे लोगों के मन में भय एवं भविष्य की चिंता समाप्त हो सके। साथ ही आवास विकास परिषद द्वारा जिन भूखण्डों पर सील व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई है उनपर फिलहाल रोक लगाई जाए एवं ऐसे भवनों पर कुछ शुल्क लेकर व्यवसायिक गतिविधियों की मान्यता प्रदान की जाये। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने गये प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, व्यापार मंडल अध यक्ष दीपक सोनी श्दाऊजीश, उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, नवनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना, अमित मित्तल व अन्य व्यापारी शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त डीजीसी पर दिनदहाड़े फायरिंग, बाल-बाल बचे

बहराइचएजेंसी। शहर के मोहल्ला सूफीपुरा में शनिवार दोपहर एक सेवानिवृत्त डीजीसी घर के बाहर बैठे थे। तभी बाइक से आए अज्ञात ने बाइक खड़ी कर फायरिंग कर दी। हमले में वह बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी होने पर एसपी, एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। कोतवाली देहात के मोहल्ला माधवपुरी सूफीपुरा निवासी शिव नारायण सिंह पुत्र जिमीदार सिंह सेवानिवृत्त डीजीसी हैं। उनका बेटा संजय सिंह सदर तहसील में मॉल बाबू के पद पर तैनात है। शनिवार को सेवानिवृत्त डीजीसी घर के सामने बरामदे में बैठे थे। दोपहर डेढ़ बजे एक अज्ञात बाइक सवार आया। उसने बाइक खड़ी कर शिव नारायण पर फायरिंग कर दी। हालांकि वह बाल बाल बच गए। मकान परिसर में ही कपड़ा प्रेस कर रहे सिराज ने फायरिंग की आवाज सुनकर सेवानिवृत्त डीजीसी को घर के अंदर किया। इसके बाद बाइक सवार फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर एसपी वृंदा शुक्ला, एएसपी रामनंद कुशवाहा, सीओ राजीव सिसोदिया, कोतवाल देहात बीके मिश्रा और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एसपी ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। कोतवाली देहात पुलिस को जल्द घटना के खुलासा करने का निर्देश दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के मोहल्ला सूफीपुरा निवासी शिव नारायण सिंह बुजुर्ग हैं। उन्हें सुनाई नहीं देता है। जिसके चलते फायरिंग के बाद भी वहीं बैठे रहे। हालांकि धूप से बचने के लिए सेवानिवृत्त डीजीसी के परिसर में कपड़े प्रेस करने वाले सिराज ने फायरिंग की आवाज पर वृद्ध को तुरंत मकान के अंदर किया। कुछ ही देर में बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## तेज रफ्तार लोडर पलटा,हादसे में एक युवक की मौत, 4 घायल

बांदा जिले में तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार युवक की मौत हो गई। वहीं 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा हैं। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें की पूरा मामला बांदा जनपद के बिसंडा थाना अंतर्गत सिंहपुर निवासी शिवाकांत अपने पत्नी और बच्चों के साथ कमासिन में रहता था। वह चित्रकूट से बबेरू लोडर में बैठ कर आ रहा था, तभी गुरौली के पास लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी वजह से एक युवक की मौत हो गई। वहीं अन्य चार लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस न सभी घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान युवक शिवाकांत को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को के कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया कि एक लोडर थाना कमासिन से होते हुए बबेरू आ रही थी, वहीं रास्ते में लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसकी वजह से एक की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया है।

## नगर में राह चलते युवती से छेड़छाड़,आफिस से लौटते पीछा किया

नोएडा गौतम बुद्ध नगर में दिल्ली मेट्रो में नौकरी करने वाली एक युवती के साथ बाइक सवार 2 युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ का वीडियो सामने आया है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। पीड़ित परिवार को शनिवार को कोतवाली बुलाकर पुलिस ने शिकायत ली है। मामला जेवर इलाके के दनकौर कस्बे का है।कस्बे की रहने वाली 21 वर्षीय युवती कई वर्ष से दिल्ली मेट्रो में जॉब करती है। आरोप है कि कस्बे के ही दो युवक पिछले काफी दिनों से उसका पीछा कर रहे हैं।पीड़िता के मुताबिक, 11 जून को उनकी बेटी ड्यूटी करके घर को लौट रही थी। उसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दोनों युवकों ने उसके आगे बाइक लगाकर कमेंट किए। जब बेटी इग्नोर करके जाने लगी तो बाइक मोड़कर दोनों ने उससे छेड़छाड़ की और फरार हो गए। पीड़ित युवती घर पहुंची और पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपियों द्वारा छेड़छाड़ करने शुक्रवार को 19 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें बाइक सवार दो युवक पीड़ित युवती से छेड़छाड़ कर रहे हैं। मामले की जांच कर रही पुलिस ने पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

## तीन लोगों ने पेट्रोल पंप कर्मियों को पीटा

बांदा बोतल में पेट्रोल लेने पंप पहुंचे युवक का कर्मियों से विवाद हो गया। कुछ देर बाद वह अपने दो साथियों के साथ बाइक से पहुंचा और पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट की। पंप कर्मियों ने अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर के जेल रोड स्थित बीएल शुक्ला एंड संस के नामक पेट्रोल पंप पर एक युवक बोतल में पेट्रोल लेने पहुंचा। यहां तैनात पंप कर्मियों ने उसे बोतल में पेट्रोल देने से मना कर दिया।

## जिले में चलाया गया दो दिवसीय एफपीओ क्षमता वर्धन कार्यक्रम



मऊ(एजेंसी)। जिला मुख्यालय के स्पाम पैलेस में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गेनाईजेशन के द्वारा जिले के समस्त विकास खंडों के उत्पादक मंडलों का दो दिवसीय कार्यक्रम शविवार को सम्पन्न हुआ। इसमें भारत सरकार द्वारा एफपीओ को बढ़ावा देने एवं विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम किया गया। इस कार्यक्रम द्वारा जनपद के कोपागंज, घोसी, परदहा, फतेहपुर मंडाव, रतनपुरा, रानीपुर, मुहम्मदाबाद गोहना विकास खंडों में गठित सात उत्पादक संगठनों के निदेशक, मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं लेखाकार का दो दिवसीय क्षमता वर्धन का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कृषि कार्यालय से ऋषिकेश पाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक डाक्टर जितेंद्र कुशवाहा ने सहभागियों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिये। कार्यक्रम का संचालन डोमेन विशेषज्ञ भानु तोमर व जिला समन्वयक अवनीश कुमार अवस्थी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में नव चौरिटेबल सोशल हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष व एफपीओ एक्टिविस्ट दिनेश यादव के द्वारा सभी सहभागियों को एफपीओ के महत्व, एफपीओ गवर्नेंस मैनेजमेंट, लेखाकार की कार्य एवम भूमिका, शेयर कैपिटल के महत्त्व, फाइनेंशियल क्रेडिट लिंकेज आदि विषयों के उपर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न एफपीओ के संचालक व अध्यक्ष चंद्रपाल चौहान, अरुण यादव, घूरा यादव, रमाकांत यादव, अतुल सिंह, अवनीश कुमार, नंदू शर्मा आदि मोजूद रहे।

## *अवैध खनन कर रही जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली सीज*



इन्दारा, मऊ(एजेंसी)। अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। कोपागंज थाना के शाहपुर गांव में शनिवार की दोपहर अवैध खनन कर रही जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टर ट्राली को नायब तहसीलदार ने मौके पर पकड़कर अदरी पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरा सीज कर दिया। इससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।कोपागंज थाना के शाहपुर गांव में एक पोखरी की खोदाई कर रहे जेसीबी मशीन की ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर उप जिलाधिकारी सदर को भेजा दिया। उसके बाद उप जिलाधिकारी आनंद कन्नौजिया ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार को मौके पर भेजकर अवैध खनन कर रही जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी लोडकर उसे ले जा रहे हैं।जिसको नायब तहसीलदार ने कब्जे में लेकर अदरी चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। जहां सभी को सीज करने का आदेश दे दिया। जेसीबी मशीन व पांच ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लदी हुई अदरी चौकी पर खड़ी है। इस सन्दर्भ में खनन विभाग अधिकारी पूनाराम आहारके ने बताया कि नायब तहसीलदार ने एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर ट्राली सीज किए हैं। इस मौके पर खनन विभाग के अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल व अदरी चौकी की पुलिस मौजूद रही।

## थाना समाधान दिवस में छाए रहे पुलिस व राजस्व के मुद्दे,



दोहरीघाट, मऊ(एजेंसी)। थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 19 फरियादियों ने अपनी शिकायत प्रस्तुत किया। जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें अधिकांश मुद्दे पुलिस और राजस्व विभाग से सम्बंधित रहे। शनिवार को थाना परिसर में घोसी न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता और थानाध्यक्ष संजय कुमार सरोज के देखरेख समाधान दिवस सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। क्षेत्र के गांवो से आए फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायत लेकर अधिकारीयों के समझ प्रस्तुत हुए। समाधान दिवस पर कुल 19 शिकायतें आई, जिसमें से मौके पर 5 का निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतो के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश अग्रवाल ने कहा कि राजस्व निरीक्षक और लेखपाल से कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है जनता को तहसील और थाने के चक्कर न लगाना पड़े जितने विवाद आ रहे हैं मौके पर पुलिस और राजस्व जाकर निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार का हीलाहवाली नही होना चाहिए। इस दौरान थाना अध्यक्ष संजय कुमार सरोज, उप निरीक्षक अमित सिंह, उप निरीक्षक सुरज सिंह, उप निरीक्षक अंशी शुक्ला, हर्ष तिवारी, ग्राम प्रधान रामजन्म गुप्ता व राजस्व कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पेपरलीक के जरिये मोदी सरकार छात्रों एवं युवाओं के भविष्य के साथ जानबूझकर कर रही खिलवाड़-प्रमोद तिवारी



लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मौजूदा केंद्र की मोदी सरकार नीट, नेट एवं यूजीसी की परीक्षाएं अथवा अन्य परीक्षाओं में पेपरलीक के जरिए देश के छात्रों एवं युवाओं के भविष्य के साथ जानबूझकर खिलवाड़ कर रही है। उन्होनें नीट पीजी, यूजीसी नेट, सीएसआरआई नेट जैसी परीक्षाओं के भी रदद होने पर केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर रविवार को यहां जमकर हमला बोला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय केन्द्र एवं प्रदेश की सरकारों में कौन कितने पेपर लीक कराता है इसकी प्रतिस्पर्धा चल रही है। उन्होने सरकार पर पेपरलीक के मसले पर कड़ी विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि इस गोरखधंधे में ऊपर से नीचे तक सभी लोग शामिल हैं और उनकी मिलीभगत से ही पेपरलीक हो रहे हैं। रविवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मजबूती के साथ ऐलान किया कि पेपरलीक के जरिए युवाओं के भविष्य को अंधकार में झोंके जाने को लेकर कांग्रेस संसद सत्र में यह मुददा जोरदार ढंग से उठायेगी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह भी कहा कि कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली बनायी जाएगी। उन्होने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने की स्थिति में इस प्रणाली के जरिए पेपरलीक की गुंजाइश खत्म करने के साथ प्रतिभाओं को टॉपर बनने का पारदर्शी अवसर सुनिश्चित होगा। उन्होनें यह भी तंज कसा कि उच्चस्तरीय परीक्षाओं के जरिए अरबों की धनराशि की कमाई करने के बाद भी सरकार छात्रों के भविष्य की अनदेखी कर रही है। उन्होने यह भी सवाल उठाया कि परीक्षाओं की पवित्रता भंग होने के बावजूद अभी तक देश के प्रधानमंत्री इस अहम मसले पर खामोश क्यूं हैं। प्रेसवार्ता के दौरान राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की मौजूदा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार में एक सप्ताह में निर्माणाधीन तीन पुल गिर गया। उन्होनें कहा कि यह एनडीए के राज में भ्रष्टाचार की कलई खोलते हुए यह साबित कर रहा है कि इस समय भाजपा की सरकारों में नीचे से ऊपर तक चारों तरफ भ्रष्टाचार का ही बोलबाला है। उन्होनें कहा कि सभी विभागों में लूट मची हुई है जिससे हर व्यक्ति पीड़ित हो उठा है। उन्होनें सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और लूट के मामले मे हर हाल में अंकुश नही लगा तो देश न्याय के लिए जिम्मेदारों को जबाबदेही के मामले में कभी क्षमा नही करेगा। उत्तर प्रदेश में बरेली, फिरोजाबाद, अलीगढ़ सहित कुछ जिलों में इधर हिंसक घटनाओं की बढोत्तरी को भी राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गंभीर चिन्ता का विषय ठहराया। उन्होने कहा कि सरकार को हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाना चाहिए। वहीं उन्होनें कहा कि प्रदेश में केन्द्र एवं राज्य के बीच उत्पन्न आपसी खींचतान के कारण विकास कार्यो की गति में कमी आयी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब केन्द्र एवं प्रदेश दोनों स्थानों पर एक ही राजनैतिक दल की सरकार है तो फिर राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते यह खींचतान क्यों? उन्होने कहा कि केंद्र को चाहिए कि वह प्रदेश सरकार को स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने दे। उन्होनें कहा कि केन्द्र यदि राजनैतिक खींचतान का माहौल प्रदेश में बनाये रखेगा तो इसका दुष्परिणाम प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जनता को भुगतना पड़ेगा। प्रदेश में लगातार बने बिजली संकट को लेकर भी उन्होनें राज्य सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। वहीं सिंचाई के क्षेत्र में नहरों में क्षमता के साथ पानी की अनुपलब्धता को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कृषि क्षेत्र के लिए बेहद चिन्ताजनक हालात करार दिया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संग्रामगढ़ में अपने बहनोई एवं पूर्व प्रमुख पुष्पा के ससुर पं. श्याम कुमार शर्मा के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र मौजूद रहे।

## छेडछाड़ व गालीगलौज को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। महिला के साथ छेडछाड व गालीगलौज तथा धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्ताईस मई की शाम पांच बजे उसका देवर उसके कमरे में घुस आया और बदनीयती से छेडछाड करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी गयी। जांच के बाद पुलिस ने शनिवार की देर शाम आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अज्ञात आरोपी के खिलाफ गालीगलौज का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। मोबाइल फोन पर गालीगलौज करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई खारा का पुरवा गांव निवासी रवि तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह जून की शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी पत्नी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके गाली व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने शनिवार की देर शाम अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नेवाज खां खानापटटी गांव निवासी मो. शाहीद पुत्र मो. गुलसेर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश में बीस जून को दोपहर दो बजे गांव के कासिम व निजाम पुत्रगण लाल मोहम्मद व कैसरी बानो पत्नी हासिम तथा शब्बो पत्नी निजाम ने उसके दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज शुरू कर दिया। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे व उसके परिवार के लोगों को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने रविवार को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अफसरों से इंसाफ की गुहार, पुलिस पर लीपापोती का आरोप

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी को अपहृत कर ले जाने की घटना में पुलिस द्वारा ग्यारह दिन बाद भी कार्रवाई न करने से पीड़ित परिवार परेशान है। पीडित ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह जून को उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को शादी का झांसा देकर लीलापुर थाने के एक गांव का युवक कहीं भगा ले गया। मामले की जानकारी होने पर जब पीड़ित ने फोन पर आरोपी परिवार के लोगों से बात की तो लोगों ने गाली देते हुए मारपीट पर अमादा हो गये। घटना की तहरीर पीडित ने पुलिस को दी लेकिन जांच के नाम पर पुलिस कार्रवाई में हीलाहवाली कर रही है। दरोगा भुवाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण

हरदोई(एजेंसी)। जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।भारत के सच्चे सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ,कार्यकर्ता गण ,सांसद, विधायक गण सहित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित बूथों पर स्थानीय बूथ समिति की उपस्थिति में सहभागिता की गई।इसी के क्रम में जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने महुईपुरी के बूथ सं 123 पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पौधा रोपित किया।इस अवसर पर बूथ समिति के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज हमारी विचारधारा हमारी पार्टी की सरकार में नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार हैट्रिक करते हुए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही देश के आधिकाधिक राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अथवा एनडीए गठबंधन की सरकार है। इस सबके मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जनसंघ के रूप में जो बीजारोपण किया गया था, वही है।नेहरू की कश्मीर पॉलिसी के कारण आजादी के बाद से ही कश्मीर भारत भारत से अलग थलग रहा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान का विरोध करते हुए जम्मू कश्मीर में परमिट को तोड़ते हुए प्रवेश किया। गिरफ्तारी दी और और जेल में ही अपनी शहादत दे दी।प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 समाप्त कर डॉक्टर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। आज अन्य राज्यों की तरह ही कश्मीर भी भारत का अभिन्न अंग है भारत का पूरा संविधान वहां लागू है भारत की सभी संवैधानिक संस्थाओं के साथ ही कश्मीर सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण परिधि में आता है जो पहले नहीं था।इसी के क्रम में जिले की सभी विधानसभाओं में विधायकों द्वारा भी अपने बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत की गई पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे।भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एवं राम बहादुर सिंह के साथ तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया।

## पेंशन व वेतन भुगतान न होने से नगर पंचायत के कर्मचारी परेशान

माधौगंजध्हरदोई(एजेंसी)।नगर पंचायत में ईओ के लंबे समय तक अवकाश के कारण कर्मचारियों का वेतन भुगतान नही हो पा रहा है। लगभग 4 माह से पेंशन व वेतन भुगतान न होने के कारण कर्मचारी व पेंशनर पाई पाई के लिए मौहताज हुए।नगर पंचायत माधौगंज में ईओ संजय कुमार लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर होने के कारण नगर पंचायत के कर्मचारियों को लगभग चार माह से वेतन भुगतान नही हो सका है। कर्मचारी पारस मिश्र ने बताया कि चार माह से वेतन न मिलने से परिवार का भरण पोषण को लेकर दिक्कतें हो रही है। पेंशनर राम कृष्ण, मीरा,श्रीकृष्ण आदि ने कहा कि पेंशन न मिलने से वह अपना समुचित इलाज नही करा पा रहे है वही भरण पोषण के लिए दूसरों के समक्ष हाथ फैलाना पड़ रहा है। इसी प्रकार ठेका पर रखे गए कर्मचारियों के आगे भी परिवार चलाने की समस्या हो रही है। कर्मचारियों ने कहा कि लगभग 15 पेंशनर सहित चार दर्जन से अधिक कर्मचारी है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है जिससे सबसे अधिक समस्या पेंशन भोगी कर्मचारियों को हो रही है। चेयरमैन अनुराग मिश्र ने बताया कि डीएम ने एसडीएम बिलग्राम के लिए पत्र भेज दिया है जल्द ही वेतन भुगतान किया जाएगा।

## ब्लाक परिसर में कृषि गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजनः किसानों को किया गया जागरूक



कछौनाध्हरदोई(एजेंसी)।कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम खरीफ वर्ष 2024–25 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन विकासखंड कछौना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले से आये एसएमएस हुकुम सिंह द्वारा किया गया। हुकुम सिंह के ने सोलर पंप एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में चर्चा की, तथा मनोज कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप ठ के ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला सलाहकार प्रेम चंद्र कुशवाहा ने कृषि यंत्रीकरण पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा तथा पीएम किसान सम्मान निधि एवं ई–केवाईसी के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। प्राविधिक सहायक संतोष कुमार ने ट्राइकोडर्मा एवं बावरिया के उपयोग के बारे में जानकारी दी। मेले के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल कछौना के अध्यक्ष नवीन पटेल ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते सरकार और किसान, गरीब, नवजवान के संबंधों पर चर्चा की ।इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल कछौना के उपाध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह, मंडल महामंत्री शिवम मिश्रा तथा कृषि विभाग के बीज गोदाम प्रभारी मंजेश कुमार, कर्मचारी आशीष कुमार, रोहित सिंह, कमलेश कुमार, राजेस्वर वर्मा व ऋषि कुमार के साथ दूरदराज से आये समानित किसान उपस्थित रहे।

## निजी व ग्राम समाज भूमि पर दबंगों का कब्जा, तहसील प्रशासन मौन

हरदोई(एजेंसी)।पीड़ित महिला की पैतृक व ग्राम समाज की भूमि को ग्राम प्रधान वा लेखपाल की मिली भगत के चलते कब्जा किया जा रहा है जिससे आए दिन गांव में रह रहे ग्रामीणों के लिए मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मामला विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के उमरौली गांव का है जहां पर पीड़ित महिला पुष्पा पति स्व0 सुरेश चंद्र व घर के सदस्य उमेश चंद्र ,रमेश चंद्र, राजेश कुमार, पुत्रगण श्रीराम ने उपजिलाधिकारी शाहाबाद हरदोई को लिखित शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया कि हमारी आराजी नंबर 1272 रकवा 0.4930 हे0 भूमि को गांव के दबंग ग्राम प्रधान हल्का लेखपाल द्वारा राहुल पुत्र छुटक्के को हमारे नंबर की भूमि पर जबरदस्ती नीव भरवा कर कब्जा कर रहे हैं पीड़ित के मना करने पर दबंग मानने को तैयार है व जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा देते हैं क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि यह मकान पीड़ित के नंबर में नहीं बन रहा है बल्कि यह ग्राम समाज की जमीन में बन रहा है जिसे जल्द ही कब्जा मुक्त करा दिया जायेगा यहां पीड़ित को गुमराह किया जा रहा है पीड़ित महिला दर–दर भटकने पर मजबूर नहीं मिल रहा इंसाफ यह तहसील प्रशासन के मुख्य जांच का विषय है।

## तेज रफ्तार से आ रहा डंपर ने युवक को कुचला,हुई मौके पर मौत

बघौलीध्हरदोई(एजेंसी)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघौली चौराहा पर रविवार सुबह 10रू00 बजे सरोज रैदास पुत्र हीरालाल रैदास उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम राम धाम मजरा लोधी अपने गांव से बघौली चौराहा पर बान खरीदने के लिए आया था जो की डंपर की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सरोज चार भाई थे जिसमें महिपाल, कृष्णपाल, मनोज, पुत्रगण हीरालाल मृतक सरोज की पत्नी पहले ही इसे छोड़कर जा चुकी थी उसके दो बच्चे हैं।इसकी मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये निर्माणाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर रोजाना कई हादसे हो रहे हैं और लोग मृत्यु के काल में समाते जा रहे हैं। जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है इन सड़क दुर्घटनाओं पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है जिस तरह से रोजाना लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इस तरह से तो जब तक यह राजमार्ग बनकर तैयार होगा तब तक पता नहीं कितने को अपने काल के गाल में समा लेगा।ये राजमार्ग पीएनसी कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है।इसी राजमार्ग पर ये डंपर ट्रक मिट्टी लेकर जा रहा था तेज रफ्तार के कारण ट्रक की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। इस संबंध में बघौली चौकी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया है डंपर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और डंपर ट्रक का ड्राइवर अभी फरार है।

## अधीक्षक को नहीं है अस्पताल की व्यवस्थाओं का ख्याल

बछरावां,रायबरेली ।आए दिन अपने अधीक्षक, डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों के कारनामों से चर्चा में बना रहने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां एक बार फिर तब चर्चा का विषय बन गया, जब समय पर अपने कमरे से नदारद अधीक्षक साहब को यह भी नहीं पता है कि अस्पताल के अंदर किस वार्ड में क्या व्यवस्था है और क्या नहीं हैस विदित हो कि जब शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे के आसपास संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की अव्यवस्थाओं को मद्देनजर रखते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो महिला वार्ड में प्रसूताओ के बेड से चादरे गायब मिली, वही वार्ड के बाहर पानी के लिए लगाया लगा आरो फ्रीजर भी शोपीस बनकर तीमारदारों के धूम्रपान के थूकने की जगह बन गया हैस वहीं अस्पताल की समस्या के संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है बेड पर चादर हैं और पानी की भी कोई समस्या नहीं है।

## बच्ची की हत्या के पीछे पारिवारिक चाचा ही निकला हत्यारा, पुलिस ने किया खुलासा



हरदोई(एजेंसी)। जिले में एक 8 साल की बालिका की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर लिया है और मृतका के परिवार के ही चाचा को गिरफ्तार कर लिया है शराब के नशे में आरोपी चाचा ने 8 साल की अपनी ही भतीजी के साथ रेप का प्रयास किया था और जब वह रोई चिल्लाई थी तो गला और नाक दाबकर हत्या कर शव गन्ने के खेत मे छिपा दिया था।अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि 20 जून को टड़ियांवा थाना इलाके में एक 8 साल की एक बालिका का शव गन्ने के खेत में गन्ने की पत्तियों से ढका हुआ पाया गया था। पूरे मामले की सूचना पाकर मौके पर एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह पहुंचे थे। फील्ड यूनिट ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। घटना के मामले में को लेकर मृतका के पिता ने गांव के ही एक युवक पर पुरानी रंजिश आदि को लेकर हत्या किए जाने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस पूरे मामले के खुलासे के लिए एसपी ने स्वाट सर्विलांस एसओजी व टड़ियांवा पुलिस को लगाया था।मामले का खुलासा करते हुए एएसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो नामजदगी गलत पाई गई।

## दिनदहाड़े शिक्षक से बदमाशो ने की 50 हजार की लूट

बेलहरा बाराबंकी। गिट्टी मौरंग की दुकान पर उधारी का पैसा देने जा रहे एक शिक्षक से बाइक सवार बदमाशों ने रोककर 50 हजार रूपये लूट लिए। शिक्षक जबतक शोर मचाता तीनों बदमाश फरार हो गए। पीड़ित सिक्षक ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन पुलिस ने तीन दिन बाद भी लूट की एफआईआर तक दर्ज नहीं की है। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत तिवारीपुर निवासी हरीश कुमार के मुताबिक,वह निंदूरा के जीआईसी कॉलेज में संविदा पर टीचर हैं। वह भिरिया चौराहे पर मार्केट बनवा रहे हैं। उनके मुताबिक, छेदा से निर्माण सामग्री लिया था जिसके 50 हजार रूपये उधार थे। 21 जून की शाम उधारी का पैसा देने के लिए बाइक से जा रहे थे। इसी बीच उमरी के पटकन पुरवा तालाब के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक कर 50 हजार रूपये लूट लिए। पीड़ित टीचर का कहना है कि बाइक सवार तीन बदमाशों में एक बदमाश ने कमर में तमंचा लगा रखा था। पीड़ित टीचर ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीचर से पूछताछ कर उससे तहरीर ले ली। लेकिन तीन दिन बाद भी लूट का मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने लूट की जानकारी से इनकार किया है।



## शिवाय सिंह रैकवार प्लास्टिक नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन

बेलहरा बाराबंकी। सुरतगंज में शिवाय सिंह रैकवार प्लास्टिक नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन शनिवार को कस्बे की छोटी पुलिया के पास किया गया।टूर्नामिंट का उद्घाटन समाजसेवी रिजवान



अहमद ने फीता काटकर किया।टूर्नामिंट में इलाके की 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला कामरान इलेवन व दिवाकर इलेवन के मध्य हुआ जिसमें कामरान की टीम ने दो रनो से विजय प्राप्त की। पहला सेमीफाइनल मैच दिवाकर इलेवन व हारून इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिवाकर की टीम ने चार ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 40 रनों का स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी हारून की टीम 30 रन पर ही ढेर हो गई।दूसरा सेमीफाइनल कामरान इलेवन व एसबीएस इलेवन के बीच खेला गया।पहले बल्लेबाजी कर तीन विकेट खोकर कामरान की टीम ने 54 रन बनाएं जबकि एसबीएस की टीम 48 रन पर ही ढेर हो गई।फाइनल मुकाबला कामरान इलेवन व दिवाकर इलेवन के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए कमरान की टीम ने तीन विकेट खोकर 41 रन बनाएं।वही दिवाकर की टीम ने तीन विकेट गवाकर 39 रन पर सिमट गई।इससे कमरान की टीम दो रन से विजयी हुई।कमेटी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने मैन ऑफ से मैच जैदी को व कमेटी के इस्लाम फनीचर,सिराजुद्दीन,मो.जैद,जियाउर्रहमान ने खिलाड़ियों को मैडल व मैन ऑफ दा सीरीज इंजनुमान को दिया।विजेता टीम को कमेटी की ओर पुस्कार दिया गया।कमेटी में इस्लामुद्दीन चुन्ना, मो. उस्मान, सीबू, इकरामुद्दीन,लुकमान,शान मोहम्मद,फैजान,मालिक,मो. फैजान,बदरुद्दीन,इजहार,आदिल,जीशान कामिल आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध दशा में ग्रामीणों ने युवक को दबोचा, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में शनिवार की देर रात झाड़ी में बाइक देख ग्रामीण सकते में आ गये। इधर चोरी की बढ़ी वारदातों को लेकर ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं। ऐसे मे सडक किनारे झाडी में बाइक को देख ग्रामीणों मे चोरी की घटना की आशंका उत्पन्न हो गयी। ग्रामीण भी छिपकर बाइक की नाकेबंदी करने लगे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पूरब गांव के निकट सड़क किनारे एक बाइक झाड़ी में ग्रामीणों को खड़ी दिखी। बाइक को लेकर धीरे धीरे गांव तथा आसपास फुसफुसाहट बढ़ गयी। आशंकित ग्रामीणों ने बाइक को झाडी से हटाकर अन्यत्र ले जाकर छिपकर नाकेबंदी करने लगे। रात करीब दो बजे एक युवक झाडी में खड़ी बाइक को नदारद देख उसकी खोजबीन करने लगा। तभी ग्रामीणों ने हल्ला मचाते हुए उसे दौड़ा लिया। ग्रामीणों के मुताबिक बाइक की खोजबीन बदमाश परेशान भटक रहे थे। ग्रामीणों के चंगुल में बाइक की खोजबीन करने वाला युवक आ गया। चोरी की आशंका में भयभीत ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर सांगीपुर पुलिस पहुंची तब ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पिटे युवक को बाइक सहित थाने लेकर चली गयी। रविवार को पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों को चोरी की आशंका हो गयी थी। थानाध्यक्ष सांगीपुर मनीष कुमार का कहना है कि मामला आशनाई से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण व लाइनमैन के बीच हुई मारपीट,लाइनमैन ने बिजली काटी

मल्लावांध हरदोई(एजेंसी)।बिजली न मिलने से नाराज ग्रामीणों व लाइन मैन के बीच विवाद हो गया। पुलिस दोनों पक्षो को रात में कोतवाली ले आई । जिसके विरोध में बिजली कर्मचारियों ने राघौपुर फीडर सहित सभी फीडरों को बंद कर बिजली काट दी। रात में राघौपुर फीडर को छोड़कर सभी फीडरों की आपूर्ति चालू की गई। बिजली कटौती से परेशान होकर शनिवार को रात 10 बजे राघौपुर में लाइन मैन प्रमोद कुमार व ग्रामीणों में मारपीट हो गयी। मारपीट की सूचना पर पुलिस ने लाइनमैन सहित चार लोगों को कोतवाली ले आयी।

लाइनमैन को पुलिस हिरासत में लेने के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने रात 10 बजे राघौपुर फीडर को बंद कर दिया। उसके बाद रात करीब दो बजे मल्लावां, काजीटोला फीडर को भी बंद कर दिया। साढ़े तीन बजे कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों ने मल्लावां व काजीटोला फीडर को चालू कर दिया। रविवार की दोपहर में जेई ऐहतशाम अहमद व ग्रामीणों के मध्य सुलह हुई । तब पकड़े गए सभी लोगों को पुलिस ने छोड़ दिया । उसके बाद राघौपुर फीडर को चालू किया जा सका।

# हार्दिक और कुलदीप के कहर से बांग्लादेश ध्वस्त, भारत शान से सेमीफाइनल में



नार्थ साउंड ,23 जून। आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50 और 32 रन पर एक विकेट ) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ( 19 रन पर तीन विकेट ) की घातक गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को 50 रन से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।भारत ने पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को आठ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गयी। भारत का सुपर आठ में आखिरी मुकाबला सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की टूर्नामेंट में यह पांचवीं जीत है। उसका कनाडा के खिलाफ आारि ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था।भारत की बांग्लादेश के खिलाफ 14 टी20 मैचों में यह 13वीं जीत है जबकि उसने टी20 विश्व कप में सभी पांच मैच जीते हैं।इस मैच में सभी खिलाड़ियों से योगदान देखने को मिला। हालांकि हार्दिक और कुलदीप ने सबसे अधिक प्रभावित किया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस के दौरान ही बोला था कि 150–160 इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा। लेकिन हार्दिक ने पहले तेजअर्धशतक लगाया और गेंदबाजी में कुलदीप ने बांग्लादेश को वापसी नहीं करने दी। जडेजा और अक्षर को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाजों को विकेट मिला।भारत ने विशाल स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को मुकाबले में एक बार भी खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले 10 ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद वे लगातार विकेट गंवाते रहे और रन रेट लगातार बढ़ता रहा। कुलदीप ने तंजीद हसन, मो. तौहीद ह्रदोय और शाकिब अल हसन के विकेट झटके । जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दो–दो विकेट लिए जबकि हार्दिक के हिस्से में एक विकेट आया।इससे पहले भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की थी लेकिन बीच में तंजीम साकिब ने एक ही ओवर में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारत की रफ्तार को धीमा जरूर किया लेकिन पहले ऋषभ पंत और फिर शिवम दुबे और हार्दिक ने भारत को एक बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया।

हार्दिक ने मात्र 27 गेंदों पर 50 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। शिवम दुबे ने 24 गेंदों पर 34 रन में तीन छक्के मारे। पंत ने 24 गेंदों पर 36 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। विराट कोहली ने 28 गेंदों पर 37 रन में एक चौका और तीन छक्के मारे। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंदों पर 23 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी में एक छक्का लगाया और दूसरी गेंद पर आउट हो गए।भारत ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हर अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के लगाए। भारत की बल्लेबाजी का यह आलम था कि विकेट पर उतरने वाला हर बल्लेबाज निर्भिक अंदाज में खेल रहा था और आने के साथ ही बॉउंड्री लगा रहा था। बांग्लादेश की तरफ से तंजीब साकिब और रिशाद हुसैन ने दो–दो विकेट लिए।

# सुपर-8 में बांग्लादेश से भारत की टक्कर, सेमीफाइनल के टिकट पर रोहित की नजर



एंटीगा ,23 जून। टी20 विश्व कप 2024 के 47वें मैच में शनिवार को भारत और बांग्लादेश की टक्कर होनी है। एक तरफ नजमुल शान्तो की अगुवाई वाली टीम है, जो यह मैच हारने की स्थिति में टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, वहीं दूसरी ओर जीत के साथ रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया सेमीफाइनल के बेहद करीब पहुंच जाएगी।

सुपर 8 में विजयी शुरुआत करने के बाद अब भारत के सामने बांग्लादेश है। टूर्नामेंट में अब तक रोहित ब्रिगेड का पलड़ा भारी रहा है, लेकिन इतिहास गवाह है कि बांग्लादेश ने हर बार भारत को कड़ी चुनौती दी है। इसलिए कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले को कम आंकने की गलती नहीं करेंगे।बांग्लादेश की टीम अपना पहला सुपर 8 मैच ऑस्ट्रेलिया से हार चुकी है। जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ भारत ने एकतरफा मुकाबला अपने नाम किया।

भारत और बांग्लादेश के बीच कुल 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं और केवल एक में ही बांग्लादेश को जीत मिली है। 12 मैचों में जीत हासिल करने वाले भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप में अब तक चार मैच खेले हैं और हर बार बाजी मारी है।

बांग्लादेश के लिए अब तक यह टूर्नामेंट मिला–जुला रहा है। ग्रुप चरण में उसने तीन मैच जीते थे और केवल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही उसे हार मिली थी। सुपर 8 में अब ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें हराया है।

इस मुकाबले की अहमियत की बात करें तो यहां चुनौती बांग्लादेश के लिए अधिक है, क्योंकि यह सुपर–8 का 7वां मैच है। टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने की रेस में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला जीत चुकी है। लेकिन बांग्लादेश को हार झेलनी पड़ी, जिससे उनकी उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है।

टूर्नामेंट में बारिश की आशंका भी है, इसलिए हर मैच हर टीम के लिए काफी मायने रखता है। ग्रुप चरण में हम पहले ही देख चुके हैं कि अंक तालिका का समीकरण बड़ा उलटफेर कर सकता है। इसलिए कोई भी टीम रिस्क नहीं लेना चाहेगी।

भारतीय टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी और मजबूत करना चाहेगी, जबकि पिछले मैच में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से हार झेलने वाली बांग्लादेश की नजर कमबैक पर होगी। वह सुपर–8 में अपनी पहली जीत की तलाश और टूर्नामेंट में बने रहने के इरादे से मैदान में उतरेगी। कुल मिलाकर फैंस को इस जोरदार टक्कर का लुत्फ उठाने का भरपूर मौका मिलने वाला है।

भारत और बांग्लादेश के बीच का मैच एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच की शुरुआत भारतीय समय अनुसार शनिवार को रात आठ बजे से होनी है।

टीमें

भारत रू रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराजबांग्लादेश रू नजमुल शान्तो (कप्तान), तस्किन अहमद (उपकप्तान), जाकेर अली, तंजिद हसन, तनजीम हसन साकिब, तनवीर इस्लाम, महमुदुल्लाह, मेहदी हसन, मुस्तफिजुर रहमान, रिशाद हुसैन, लिटन कुमार दास, शाकिब अल हसन, शरीफुल इस्लाम, सौम्य सरकार, मो. तौहीद ह्रदोय

# प्रवासी भारतीयों का देश की अर्थव्यवस्था पर बढ़ा भरोसा, अप्रैल में भारी भरकम रकम हुई जमा

नई दिल्ली ,23 जून। दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ने अकेले अप्रैल महीने में देश में लगभग 1 बिलियन डॉलर जमा किए। मतलब साफ है कि तमाम वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद भी भारत की अर्थव्यवस्था में उन्होंने अपना भरोसा दिखाया है। साल 2023 में प्रवासी भारतीयों ने अप्रैल के महीने में 150 मिलियन डॉलर जमा किए थे, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।



इससे साफ पता चल रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास गति तेजी से बढ़ी है और यहीं वजह है कि लोगों का इसमें विश्वास भी बढ़ा है। भारत के विकास की गति जो 2003–19 के औसत 7 प्रतिशत के मुकाबले 2021–24 में 8 प्रतिशत या उससे भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों को देखें तो एनआरआई जमा में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को दर्शाती है।

प्रवासी भारतीयों के लिए देश में तीन प्रमुख जमा योजनाएं हैं दृ फॉरेन करेंसी नॉन रेजिडेंट (बैंक) या एफसीएनआर (बी)य नॉन रेजिडेंट एक्सटर्नल रूपी अकाउंट या एनआरई(आरए) और नॉन रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) डिपॉजिट स्कीम। अप्रैल के महीने में प्रवासी भारतीयों ने एनआरई (आरए) योजना में 583 मिलियन डॉलर जमा किए, इसके साथ ही एफसीएनआर (बी) योजना में 483 मिलियन डॉलर जमा किए।

कोविड महामारी के दौरान एनआरआई जमा 131 बिलियन डॉलर से बढ़कर 142 बिलियन डॉलर हो गया। भारत की विदेशी मुद्रा निधि 655.8 बिलियन डॉलर के नए अभी तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस सब के बीच आरबीआई के ताजा आंकड़ों की मानें तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 बिलियन डॉलर बढ़कर 655.8 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है और रुपये के मूल्य के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक संभावना प्रदान करता है।

# कारोबार में बढ़त के लिए एआई समेत टेक्नोलाजी में निवेश को वरीयता दे रहे भारतीय सीईओ !



नई दिल्ली ,23 जून। भारतीय सीईओ अपने कारोबार में वृद्धि और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) समेत अन्य टेक्नोलॉजी में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं।

ईवाई सीईओ आउटलुक प्लस सर्वे में बताया गया कि अगले 12 महीनों में कारोबार में वृद्धि और उत्पादकता बढ़ाने के लिए करीब 70 प्रतिशत भारतीय सीईओ एआई समेत टेक्नोलॉजी में निवेश को अधिक महत्व दे रहे हैं। यह वैश्विक औसत 47 प्रतिशत से कहीं अधिक है।

वहीं, 56 प्रतिशत सीईओ का मानना है कि डेटा मैनेजमेंट एवं साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाया जाए। इसके अलावा 50 प्रतिशत सीईओ बिजनेस के सभी पहलुओं पर लागत को अनुकूल बनाना चाहते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि 44 प्रतिशत ने माना है कि नई टेक्नोलॉजी को लाना, नई प्रोडक्शन सुविधा और इनोवेटिव स्टार्टअप होना विलय और अधिग्रहण के पीछे की सबसे बड़ी वजह है।

ईवाई इंडिया टेक्नोलॉजी में कंसल्टिंग लीडर महेश मखीजा ने कहा, टेक्नोलॉजी में निवेश केवल आज के लिए नहीं बल्कि भविष्य की नीति को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। यह सर्वे दिखाता है कि बड़ी संख्या में सीईओ अपनी संस्था में एआई केंद्रित ब्लूप्रिंट पर काम कर रहे हैं, जिससे इनोवेशन और उत्पादकता को बढ़ाया जा सके।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि एक साल पहले की तुलना में अधिकांश सीईओ द्वारा स्थिरता के बढ़ते महत्व को स्वीकार करने के बावजूद 16 प्रतिशत ने इसे प्राथमिकता में नीचे कर दिया है। इसकी वजह वित्तीय बाधाओं और बोर्डरूम के फोकस में परिवर्तन होना है। स्थिरता के एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए, कॉर्पोरेट भारत एआई सहित टेक्नोलॉजी इंसेंटिव की वकालत करता है।

# आईएल टी20 सत्र 3 के लिए रसेल, नारायण, वार्नर सहित 69 खिलाड़ी रिटेन



दुबई ,23 जून। आईएल टी 20 के तीसरे सत्र से पहले 69 खिलाड़ियों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है जिसमें आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, निकोलस पूरन, डेविड वार्नर और मोहम्मद आमिर शामिल हैं।टूर्नामेंट का तीसरा सत्र 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा और नौ फरवरी तक अबू ध ाबी, दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों के लिए विंडो एक जून को खुली थी और टीमों को रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों की सूची जमा कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था। गत चौंपियन एमआई अमीरात ने कप्तान पूरन, ड्वेन ब्रावो, अकील हुसैन, कीरोन पोलार्ड और फजलहक फारूकी को रिटेन किया है जबकि ट्रेंट बोल्ट को रिटेन नहीं किया है।अबू धाबी नाइट राइडर्स ने कप्तान नारायण और रसेल के साथ–साथ यूएसए के डेविड विली, चरित असालंका, अली खान और एंड्रीज गौस जैसे खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। डेजर्ट वाइपर ने आमिर, वानिंदु हसरंगा, एलेक्स हेल्स और आजम खान को बरकरार रखा है। हालाँकि, उनकी रिटेनशन सूची से उल्लेखनीय रूप से तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी और मथीशा पथिराना को बाहर रखा गया है।कप्तान वार्नर के नेतृत्व वाली दुबई कैपिटल्स ने रोवमैन पॉवेल, सैम बिलिंग्स और जेक फ्रेजर–मैकगर्क सहित प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इंग्लैंड के जो रूट और मार्क वुड, जो पिछले साल उनकी टीम का हिस्सा थे, को बरकरार नहीं रखा गया है। गल्फ जाइंट्स ने शिमरॉन हेटमायर और कप्तान जेम्स विंस को बरकरार रखा है, जबकि यूएसए के सौरभ नेत्रवलकर और अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान को जगह नहीं मिली है। शारजाह वॉरियर्स ने अपने आठ रिटेन खिलाड़ियों में कुसल मेंडिस, कप्तान टॉम कोहलर–कैडमोर और जॉनसन चार्ल्स को रिटेन किया है।छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक ने यूएई के दो–दो खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। सीजन 3 के लिए बरकरार रखे गए यूएई के खिलाड़ियों में आदित्य शेट्टी और अलीशान शराफू (अबू धाबी नाइट राइडर्स), अली नसीर और तनिष सूरी (डेजर्ट वाइपर), हैदर अली और राजा आकिफ (दुबई कैपिटल्स), अयान अफजल खान और मोहम्मद जोहैब जुबैर (गल्फ जाइंट्स) , मुहम्मद रोहिद खान और मुहम्मद वसीम (एमआई अमीरात), जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह (शारजाह वारियर्स) शामिल हैं।टीमें अब चल रही खिलाड़ी अधिग्रहण विंडो में नए खिलाड़ियों को साइन कर सकती हैं जो 15 सितंबर तक खुली रहेंगी। अक्टूबर में आयोजित होने वाले आईएल टी20 विकास टूर्नामेंट के पूरा होने के बाद फ्रेंचाइजी को चार यूएई हस्ताक्षरों का अपना कोटा भी पूरा करना होगा।

# अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर, सुपर 8 में आस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

किंग्सटाउन ,23 जून। अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148ध्6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन–उल–हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन–उल–हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने।



इसके बाद मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस (11) के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। नायब ने 11वें ओवर में 71 के स्कोर पर स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। और कोई बल्लेबाज मैक्सवेल का साथ नहीं दे सका। 106 के स्कोर पर नायब ने मैक्सवेल को नूर अहमद के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

# पैट कमिंस ने रचा इतिहास, टी20 वर्ल्ड कप में ली दूसरी हैट्रिक

नई दिल्ली ,23 जून। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हैट्रिक लेते तो आपने कई गेंदबाजों को देखा है. लेकिन, बैक टू बैक हैट्रिक लेने वाले पैट कमिंस इकलौते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर–8 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले पहले मैच में हैट्रिक लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने अब अफगानिस्तान के खिलाफ भी अपनी हैट्रिक पूरी की है। ये पैट कमिंस के ञ्ज20 करियर की दूसरी हैट्रिक होने के साथ टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास की 8वीं हैट्रिक भी है। पैट कमिंस के हैट्रिक लेने का तरीका भी दोनों मैचों में एक सा रहा। बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्होंने दो ओवरों में अपनी हैट्रिक पूरी की थी और अफगानिस्तान के खिलाफ भी वैसा ही देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्होंने हैट्रिक लेने का जो काम 18वें ओवर में शुरू और 20वें ओवर में पूरा किया था। ठीक वैसे ही अफगानिस्तान के खिलाफ भी किया। यहां भी उन्होंने 18वें ओवर में हैट्रिक का जो का शुरू किया, उसे 20वें ओवर में जाकर फीनिश किया। हालांकि, पैट कमिंस के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ वाली हैट्रिक और भी ज्यादा खास इसलिए है क्योंकि ये उनके 150वें ञ्ज20 मैच में आई है। अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लेने की शुरुआत पैट कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद से की थी। उनका पहला शिकार राशिद खान बने। इसके बाद 20वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने करीम जनत को डेविड वॉर्नर के हाथों कैच कराकर अपना दूसरा विकेट लिया।

# 2030 तक 240 अरब डालर पर पहुंच सकता है देश का इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट विनिर्माण

नई दिल्ली ,23 जून। सरकार की ओर से घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा दिए जाने के कारण देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब–असेंबली का बाजार 2030 तक 240 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सकता है। इससे 2026 तक करीब 2.8 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी और 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लक्ष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रविवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्राथमिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब–असेंबली (पीसीबीए सहित) की मांग 2030 तक 30 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ते हुए 139 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट और सब–असेंबली की मांग 45.5 अरब डॉलर पर थी जिसने करीब 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में मदद की। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैटरी (लिथियम आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल, डिस्प्ले और पीसीबी के लिए कंपोनेंट को सरकार ने उच्च प्राथमिकता में रखा है। वर्ष 2022 में देश की कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की मांग में 43 प्रतिशत का योगदान इन्हीं उत्पादों का था। वर्ष 2030 तक इस मांग के 51.6 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है।



रिपोर्ट में कहा गया कि पीसीबीए में भारत के लिए काफी संभावनाएं हैं क्योंकि इसकी मांग की ज्यादातर पूर्ति आयात से की जाती है। यह सेगमेंट 30 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। इसकी मांग 2030 में 87.46 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

रिपोर्ट में कुछ विशेष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए वित्तीय सहायता देने की भी मांग की गई है। छह से आठ साल तक वित्तीय सहायता मिलने से इन उत्पादों की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए उत्पादकों के पास पर्याप्त समय होगा।इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट एंड सेमीकंडक्टर 2.0 स्कीम शुरू करने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि दूसरे चरण में 25 से 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाए ताकि संभावित निवेशकों को आसानी हो।



# सूर्या 44 के साथ कई फिल्मो में नजर आयेगी पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े पिछली बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं। एक्ट्रेस को दर्शक आगे 'सनकी' और 'देवा' में देखेंगे। पता चला है कि वे जून की शुरुआत में शूटिंग के लिए अंडमान और निकोबार गई थीं और जुलाई के पहले सप्ताह में उनके वापस लौटने की उम्मीद है। पूजा वहां शेड्यूल का एक बड़ा हिस्सा शूट करके लौटेंगी।

एक्ट्रेस फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित 'सूर्या ४४' में मुख्य भूमिका निभाती दिखाई देंगी। पूजा के अलावा फिल्म में जयराम, जोजू जॉर्ज और करुणाकरण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।'पूजा फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं जो कहानी को आगे बढ़ाती है और वह इसमें बहुत अलग लुक में भी दिखाई देंगी।' फिल्म का साउंडट्रैक 'पिज्जा', 'जिगरथंडा', 'इरुथी सुत्रु', 'साला खडूस', 'इरावी', 'गुलु गुलु' और 'अन्वेशीपिन कंडेथुम' जैसी फिल्मों के लिए संगीत देने वाले संतोष नारायणन का है। उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, र्पभास और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म 'कल्कि २८९८ ई-' में भी काम किया है। सूर्या ४४' के अलावा पूजा, शाहिद कपूर के साथ 'देवा' और अहान शेट्टी के साथ 'सनकी' में भी नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने साउथ के एक बड़े पीडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों का करार भी किया है। पूजा ने २०१२ में जीवा स्टारर मैसस्किन की तमिल सुपरहीरो फिल्म 'मुगामूडी' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद, उन्होंने तेलुगु फिल्म 'ओका लैला कोसम' में अभिनय किया। उन्होंने २०१४ में सिंधु घाटी सभ्यता पर आधारित ऋतिक रोशन की 'मोहनजोदाड़ो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। २०२१ में एक्ट्रेस को फोर्ब्स इंडिया के साउथ सिनेमा में इंस्टाग्राम पर सबसे र्पभावशाली सितारों में सातवें स्थान पर रखा गया था। **( हिफी )**

# रेड बाडीकोन आउटफिट पहन पलक तिवारी ने दिखाया हाट अवतार, किलर पोज देख फिदा हुए फैंस



पलक तिवारी अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट लुक से एक बार फिर से सोशल मीडिया का टैम्परेचर बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं।

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड लुक से फैंस को इस कदर दीवाना किया है कि लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है।हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच साझा की हैं।

इन तस्वीरों में उन्होंने रेड कलर की बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में कहर ढाती हुई नजर आ रही हैं।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

पलक तिवारी की बेटी की गिनती भी बॉलीवुड की खूबसूरत और यंग एक्ट्रेसेस में होती है। वो अक्सर अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।कानों में इयररिंग्स, ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 52 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है।

# सारा अली के सुशांत को किया याद



फिल्म 'केदारनाथ' से सारा अली खान ने अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में एक्ट्रेस के अपोजिट सुशांत सिंह राजपूत नजर आए थे। दोनों की केमिस्ट्री को लोगों ने बहुत प्यार दिया था। अब एक्ट्रेस फिल्म से जुड़ा किस्सा याद कर भावुक हो गई हैं। सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान दोनों ने फिल्म केदारनाथ में लाजवाब काम किया था। दोनों की केमिस्ट्री भी लोगों को भा गई थीं। लेकिन साल २०२० में सुशांत सिंह राजपूत ने दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। आज भी उनके साथ काम कर चुके एक्टर्स उन्हें भूला नहीं पाए हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत फिल्म 'केदारनाथ' से की थी। अपनी डेब्यू फिल्म से ही एक्ट्रेस छा गई थीं। फिल्म में उनके को-स्टार सुशांत सिंह राजपूत के किरदार को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में सारा ने अपने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि सुशांत से जुड़ी कोई एक याद नहीं है। किसी एक पल के बारे में बात करना बहुत मुश्किल है।अपने को स्टार को याद करते हुए सारा अली खान काफी भावुक हो गई थीं। सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ के सेट की एक प्यारी सी याद का जिक्र किया। इस बारे में बताते हुए एक्ट्रेस की आंखें नम हो गईं। एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में कहा, एक पल था जब गट्टू सर (डायरेक्टर अभिषेक कपूर) मुझे कुछ बोलकर चले गए और मैं नहीं समझी। बाद में सुशांत ने वो लाइन बोलकर दिखाई और मेरी मदद की थी। हालांकि मैंने फिल्म में सुशांत की लाइन को ही कॉपी किया था। अपनी बात आगे रखते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि, पहले मैं इतनी अच्छी हिंदी नहीं बोल पाती थी। आज अगर जो भी मुझे पसंद करता है मेरे काम की तारीफ करता है, वो सब सुशांत की वजह से है।'केदारनाथ' में काम करने के बाद जो प्यार मुझे मिला वो सब सुशांत की वजह से है।



# शबाना को शिकायत है मीरा नायर से

फिल्मों के सेट पर कुछ किस्से ऐसे होते हैं, जिन्हें खुद सितारें भी भूल नहीं पाते हैं। फिर वो बात ७० के दशक की हो या ८०-९० की। अमिताभ बच्चन, धर्मेंद, जीनत अमान से लेकर सायरा बानो। हाल ही में अपनी एक्टिंग के साथ बेबाक बोल के लिए सुर्खियां बटौरने वालीं शबाना आजमी ने हाल ही में एक डायरेक्टर पर प्यार वाला गुस्सा जाहिर किया। २७ साल पुराने उस किस्से को याद कर खुद वो डायरेक्टर भी अपनी हंसी को रोक नहीं सकीं। ये किस्सा २७ साल पहले रिलीज हुई एक फिल्म का है, जिसमें रेखा के रोल को देखने के बाद उन्होंने अपने ही डायरेक्टर से सवाल पूछ लिया था कि उसमें ऐसा क्या है, जो मुझमें नहीं है। शबाना आजमी ने इस किस्से को हाल ही में न्यूयॉर्क फिल्म फेस्टिवल में सुनाया। मीरा नायर से ही बातचीत के दौरान उन्होंने इस फनी वाक्ये को याद किया।

मीरा नायर अपनी र्पशंसित फिल्मों के लिए काफी फेमस हैं, जिसमें १९९७ में रिलीज हुई फिल्म 'कामसूत्र : ए टेल ऑफ लव' भी शामिल है, जिसमें रेखा ने अभिनय किया था। भारत में फिल्म बैन हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब र्पशंसा मिली थी। शबाना ने मीरा नायर के साथ फिल्म 'द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट' में काम किया था, जिसमें कई हॉलीवुड सितारे भी थे।'द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट' में शबाना का रोल छोटा सा था। फिल्म में पिद्दी सा रोल निभाने वालीं शबाना को उम्मीद थी कि मीरा नायर की किसी दूसरी फिल्म में उन्हें बड़ा मौका मिलेगा। न्यूयॉर्क फिल्म फेस्टिवल में जब मीरा नायर ने शबाना आजमी से उन यादगार डायरेक्टर्स के नाम पूछे थे, जिनके साथ उन्होंने अपने पांच दशक लंबे करियर में काम किया है। इसका जवाब उन्होंने मजेदार अंदाज में दिया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे एक डायरेक्टर से शिकायत है, जिनसे मैं कई सालों से बात कर रही हूं और मैं हमेशा उनसे कहती रही हूं कि हमें साथ काम करना चाहिए और जब बारी एक्टिंग की आती है, तो वो मुझे एक छोटी भूमिका देती है। वो मेरे साथ न्याय नहीं करती है और वह महिला मेरे बगल में बैठी हैं।' शबाना की बात सुनकर मीरा नायर की हंसी निकली पड़ी।

# लास एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए जूरी में शामिल हुई श्रिया पिलगांवकर

एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर को लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) के 2024 एडिशन में शॉर्ट्स कैटेगरी के लिए जूरी पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है।

श्रिया ने कहा, मुझे लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट्स फिल्म कैटेगरी के लिए जूरी सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इससे मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं फेस्टिवल में हिस्सा लेने और उभरते साउथ एशियन फिल्ममेकर्स द्वारा इन शानदार शॉर्ट्स फिल्मों को देखने के लिए एक्साइटिड हूं।एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म फेस्टिवल का माहौल हमेशा क्रिएटिविटी से भरा होता है। मैं अलग-अलग कहानीकारों और कलाकारों से मिलने और बातचीत करने तथा आईएफएफएलए में फिल्मों की लाइनअप को देखने के लिए बेहद एक्साइटिड हूं।श्रिया को 2018 में मिर्जापुर में देखा गया था। सीरीज में उन्होंने स्वीटी का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इसके अलावा, वह गिल्टी माइंड्स, ताजा खबर और द ब्रोकन न्यूज 2 जैसी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं।

उन्होंने साल 2016 में शाहरुख खान की फिल्म फैन से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

श्रिया ने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी अपनी पहचान बनाई है। वह गुरिंदर चड्ढा द्वारा निर्देशित ब्रिटिश सीरीज बीचम हाउस और दिग्गज फिल्म निर्माता क्लाउड लेलौच की फ्रेंच फिल्म अन प्लस उन में नजर आई हैं।इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) 27 जून को शुरू होगा और 30 जून को समाप्त होगा।इस साल, शॉर्ट्स प्रोग्राम में राजश्री देशपांडे की हेमा, लास्ट डेज ऑफ समर और लोरी शामिल हैं।फेस्टिवल का समापन विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप स्टारर महाराजा के साथ होगा।



# थलापति विजय के फिल्म गोट का एक्शन फुल टीजर रिलीज, एक्टर का दिखा सरप्राइजिंग अवतार

साउथ सिनेमा स्टार विजय थलापति के 50वें बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को अपनी नई फिल्म गोट से नया तोहफा दिया है. थलापति विजय की फिल्म गोट मौजूदा साल में ही रिलीज होगी और अपने बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को खाली हाथ नहीं जाने दिया है. एक्टर ने अपनी फिल्म गोट से अपना एक्शन और स्टंटफुल टीजर शेयर किया है. इस टीजर में थलापति विजय का डबल रोल दिख रहा है, जिसे देखने के बाद विजय के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं हैं

इस टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है और विजय के पीछे कुछ बाइकर्स और कार मैन पड़े हैं और विजय अपनी ही धुन में बाइक को एक्शन में दौड़ा रहे हैं वही, टीजर का आखिरी सीन सबसे ज्यादा सरप्राइजिंग और रोंगटे खड़े करने वाला है. टीजर के आखिर में एक्टर का बाइक पर टर्न और एक्टर का डबल रोल दिखना फैंस के लिए किसी सरप्राइजिंग अवतार से कम नहीं है. गोट के मेकर्स ने बीते दिन सॉन्ग चिन्ना-चिन्ना कंगल का एक पोस्टर शेयर कर इसकी जानकारी दी थी और एक पोस्टर भी शेयर किया था. इस पोस्टर में विजय बतौर रोल अपनी फैमिली के साथ दिख रहे थे. फिल्म को वेंकट प्रभु ने डायरेक्ट किया है और फिल्म आगामी 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है.

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक-इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)-226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन- 0522-4029211 (नोट-किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)